

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 28 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-210 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## राहुल गांधी का बड़ा ऐलान

# छग में केजी से पीजी तक मिलेगी मुफ्त शिक्षा



**कांकेर,28 अक्टूबर**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भानुप्रतापपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के लोगों के छात्रों के लिए केजी से लेकर पीजी तक सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा का ऐलान किया. इसके साथ ही उन्होंने तेंदूपत्ता उत्पादकों के लिए चार हजार रुपए मानक बोरी तय करने, और लघु वनोपज में न्यूनतम समर्थन मूल्य से दस रुपए अतिरिक्त देने का ऐलान किया.

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा, आज देश में खदान, एयरपोर्ट, पोर्ट्स, अडानी को दिए जाते हैं। किसान के खिलाफ जो कानून बनाए गए वह कानून अडानी की मदद करते हैं। हिमाचल प्रदेश में सेब का पूरा व्यापार अडानी के हाथ में है। जम्मू-कश्मीर में भी सेब का पूरा व्यापार अडानी जी के पास है, वे जो भी करते हैं देश के 2-3 बड़े उद्योगपतियों के लिए करते हैं। राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, हमारी सरकार बनते ही हमने दो घंटे में वो कर दिखाया जो भाजपा ने कहा था कि ये नहीं हो सकता। 26 लाख किसानों को 23 लाख करोड़ रुपए दिये गए, 5 लाख मजदूरों को 7000 रुपए दिए गए।

### रमन सिंह ने 15 साल तक जनता को ठगा: बघेल

भानुप्रतापपुर में सीएम भूपेश बघेल ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, रमन सिंह ने लगातार 15 साल तक ठगने का काम किया. 21 सौ में धान खरीदने और 300 रुपए बोनस देने की बात कही पर नहीं दिया. 2014 में डबल इंजन की सरकार बनी तो बोनस देना बंद कर दिया. इसी कारण किसानों को दो साल का बोनस नहीं मिला. इसे देने की घोषणा हमने की, लेकिन केंद्र सरकार ने बोनस देने पर रोक लगा दिया है. इसके लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा है पर अभी तक कोई अनुमति नहीं दी.

सीएम बघेल ने कहा, भाजपा सरकार किसान के विरोध में लगातार काम कर रही है. जब कांग्रेस ने कर्जमाफी की घोषणा की तो भाजपाइयों के पेट में दर्द हो रहा है. रमन सरकार ने चुनाव से पहले खूब राशन कार्ड बनाया पर चुनाव के बाद हजारों राशन कार्ड को निरस्त कर दिया. आदिवासियों के एक लाख एकड़ जमीन छीनने का काम रमन सरकार ने किया. 15 साल में रमन सरकार पेसा कानून तक नहीं बना पाया. सीएम भूपेश बघेल ने कहा, मोदी सरकार ने सबसे खाते में 15-15 लाख देने का वादा किया था, रोजगार देने की बात कही थी, किसानों की आय दोगुनी करने वादा किया था पर एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई. ऐसा कोई सगा नहीं है, जिसे रमन सिंह और दिल्ली वालों ने ठगा नहीं. हमने कांग्रेस सरकार बनते ही शपथ लेने के बाद दो घंटे में ही 19 लाख किसानों का कर्ज माफ किया. 1700 आदिवासी किसानों को जमीन का पट्?टा दिया गया. 4000 प्रति मानक बोरा से तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा. सबसे ज्यादा गन्ना और मिलेट्स की कीमत छत्तीसगढ़ में है. चुनाव के बाद बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट शुरू की जाएगी. भूपेश बघेल ने कहा, पूर्व सीएम रमन सिंह की नामांकन रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाने की बात कही थी. सबसे बड़े भ्रष्टाचारी रमन सिंह है. चावल, राशन, कोयला घोटाला किया, उन्हें पहले उल्टा लटकाना चाहिए.सीएम बघेल ने कहा, कांग्रेस ने अब तक चार गारंटी की घोषणा की है. जाति जनगणना, साढ़े 17 लाख गरीब परिवार को आवास, 20 क्विंटल धान खरीदने और किसानों की कर्जमाफी की घोषणा कांग्रेस ने की है. कर्जमाफी की घोषणा से भाजपाइयों के पेट में दर्द हो रहा है. मोदी छत्तीसगढ़ में हर बार लबारी मारकर जाते हैं. वे कहते हैं कि धान भाजपा सरकार खरीदती है. मोदी सरकार बताएं कि छत्तीसगढ़ में 2600 में धान खरीदते हैं तो अपने क्षेत्र यूपी, गुजरात में 1200 रुपए क्विंटल में क्यों धान खरीदते हैं.

## संक्षेप

### भारत की समंदर में बढ़ेगी ताकत

**नई दिल्ली,28 अक्टूबर।** भारत ने भारतीय नौसेना के लिए राफेल लड़ाकू विमान के 26 नौसैन्य संस्करण को खरीदने के अपने फैसले के बारे में फ्रांस को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया है, जिससे एक अंतर-सरकारी ढांचे के तहत खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है. रक्षा मंत्रालय ने जुलाई में फ्रांस से राफेल (समुद्री) लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे

> **26 नए राफेल विमान नेवी में होंगे शामिल**

दिया था। मुख्य रूप से स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर इसकी तैनाती की जाएगी. समझा जाता है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हाल की पेरिस यात्रा के दौरान राफेल के नौसैन्य संस्करण की खरीद का मुद्दा उठा था. इस साल जुलाई में बैस्टिल डे परेड के लिए राजकीय अतिथि के रूप में भारतीय प्रधान मंत्री की फ्रांस यात्रा से ठीक पहले रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग 5.5 बिलियन यूरो के विमान सौदे को मंजूरी दे दी थी. प्रस्ताव के अनुसार, भारतीय नौसेना को चार प्रशिक्षक विमानों के साथ 22 सिंगल-सीट राफेल समुद्री विमान मिलेंगे. विमान वाहक आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत मिग -29 का संचालन कर रहे हैं और दोनों वाहक पर संचालन के लिए राफेल की आवश्यकता है. प्रस्ताव के अनुसार, भारतीय नौसेना को चार प्रशिक्षक विमानों के साथ 22 सिंगल-सीट राफेल समुद्री विमान मिलेंगे. विमान वाहक आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत मिग -29 का संचालन कर रहे हैं और दोनों वाहक पर संचालन के लिए राफेल की आवश्यकता है.

### भाजपा नेताओं को काट डालने के बयान पर आदिवासी नेता टेकाम गिरफ्तार

**मोहला-मानपुर,28 अक्टूबर।** मानपुर पुलिस ने आदिवासी नेता सूरजु टेकाम को गिरफ्तार किया है. एसपी रत्ना सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है. जानकारी के अनुसार, सूरजु टेकाम की गिरफ्तारी भाजपाइयो को काट डालने वाले भाषण की वजह से हुई. इसके अलावा भाजपा नेता बिरझु तारम हत्याकांड को लेकर भी उससे पूछताछ किए जाने की संभावना है. बता दें कि कुछ दिन पहले सूरजु टेकाम ने मानपुर में विवादित भाषण दिया था, जिसमें उसने कहा कि 'भाजपाइयो को काट डालो, इसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं' कहा था.

### 8 लाख के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पिथौरा,28 अक्टूबर।** महासमुंद जिले में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 16 किलो गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीबन 8 लाख रुपए बताई जा रही है. यह कार्रवाई बसना थाना पुलिस ने की है. बता दें कि बसना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी. इस दौरान प्लेटिना मोटर साइकिल से करीब 8 लाख रुपए का 16 किलो गांजा जब्त किया गया.

### गिरफ्तार मंत्री मलिक का स्वास्थ्य स्थिर

**कोलकाता, 28 अक्टूबर।** करोड़ों रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। मलिक को यहां की एक अदालत ने 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

## एयर स्ट्राइक के हेड कमांडर ढेर

# गाजा में शुरू हो गया इजरायल का ग्राउंड ऑपरेशन

**यरुसलम,28 अक्टूबर**

इज़रायली सेना ने कहा कि वह गाजा में अपने जमीनी अभियानों का विस्तार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पट्टी के उत्तरी भाग में किए गए छापों की तुलना में घुसपैठ बड़ी और महत्वपूर्ण थी। दूसरी ओर, हमास ने दावा किया कि गाजा में उसके लड़ाके इजरायल के हमलों का पूरी ताकत से जवाब देंगे। अलजेब्रा की खबर के अनुसार कल रात हजारों इजरायली सैनिकों ने गाजा में धावा बोल दिया। जमीनी आक्रमण शुरू होता है। हमास के हवाई बलों के प्रमुख, अत्साम अबू रफ़ा का सफाया कर दिया गया। कल रात से न बिजली, न संचार लाइन और न इंटरनेट के कारण पूर्ण ब्लैकआउट है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि वह गाजा में कर्मचारियों से संपर्क करने में भी असमर्थ है।



एक वीडियो में इजरायली टैंकों को गाजा की ओर गोलीबारी करते हुए दिखाया गया है और एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने इज़रायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के हवाले से कहा गया कि पिछले कुछ दिनों में किए गए हमलों के अलावा, जमीनी सेना आज रात अपने अभियान का विस्तार कर रही है। युद्ध के बीच, गाजा में इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद हो गईं। इज़राइल ने क्षेत्र में अपने सैन्य अभियान बढ़ा दिए थे। द टाइम्स ऑफ इज़राइल के अनुसार, ब्लैकआउट के कारण 2.3 मिलियन लोग बाहरी दुनिया और एक-दूसरे से कट गए हैं। दो इजरायली अधिकारियों ने एक्सियोस को बताया कि गाजा में अपने जमीनी हमले का विस्तार करने का निर्णय इजरायली युद्ध कैबिनेट द्वारा गुरुवार रात को किया गया था, जब हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की संभावित रिहाई पर कोई सफलता नहीं मिली थी। हगारी ने कहा कि इजरायली लड़ाकू विमान हमास द्वारा खोदी गई सुरंगों और अन्य बुनियादी ढांचे पर हमले कर रहे थे। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों से दक्षिणी गाजा की ओर बढ़ने का अपना आह्वान भी दोहराया क्योंकि इज़राइल ने तटीय क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में अपना आक्रामक दायरा बढ़ा दिया है। हमास की सशस्त्र शाखा ने कहा कि उसके लड़ाके गाजा के उत्तरपूर्वी शहर बेत हनून और अल-बुरीज के मध्य क्षेत्र में इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष कर रहे थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से केंद्रीय मंत्री मांडविया ने की शिकायत

**रायपुर,28 अक्टूबर।** भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं को डराया जा रहा है. कार्यकर्ताओं को प्रचार करने से रोका जा रहा है. यह शिकायत केंद्रीय मंत्री और भाजपा चुनाव सह-प्रभारी मनसुख मंडाविया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीनाबाबा साहेब कंगाले से मुलाकात के दौरान की.भाजपा चुनाव सह-प्रभारी मनसुख मंडाविया, सांसद सुनील सोनी, चंद्रशेखर साहू और अन्य भाजपा नेताओं के साथ निर्वाचन आयोग कार्यालय पहुंचे और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात की. मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कई क्षेत्र से हमें शिकायत मिली हैं. कई जगह पर सरकारी ऑफिसर बीजेपी के झंडा लेकर जाने वाले गाड़ी को रोक रहे हैं.

## धमाके से पूरा गांव सहमा

# विस्फोटक से सरपंच का घर उड़ाने की कोशिश

**महासमुंद,28 अक्टूबर**

छत्तीसगढ़ के महासमुंद से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबरों के अनुसार यहां विस्फोटक से उपसरपंच का घर उड़ाने की कोशिश की गई। इस जोरदार धमाके से पूरा गांव सहम गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा ब्लाक के ओडिशा सीमा से लगे अंतिम गांव टेमरी में आईडी ब्लास्ट की घटना सामने आई है। घटना रात 1 बजे की बताई गई है। गांव के उपसरपंच राधे लाल साहू के घर के कालम पर आइडी लगाकर इसे ब्लास्ट किया गया। घटना के दौरान घर के भीतर बच्चे सहित चार सदस्य सोए थे। हालांकि घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है। किंतु विस्फोटक के प्रभाव से भवन क्षतिग्रस्त हुआ है। कोमाखान पुलिस जांच कर रही है। बताया जाता है कि घर के पीछे तार बिछाया गया था। इस विस्फोट से उपसरपंच सहित अन्य घरों में दरारें आ गयी हैं। ऐसा बताया जाता है कि उपसरपंच का जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।



# बिजली कर्मचारियों को त्यौहार में नहीं मिलेगा अवकाश

**रायपुर,28 अक्टूबर**

दिवाली के त्यौहार में अभी 15 दिनों से भी कम समय बचा हुआ है। ऐसे में प्राइवेट और सरकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दीपावली को लेकर तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। इसी बीच अब कुछ कर्मचारियों की छुट्टी को लेकर बहुत ही बड़ी अपडेट सामने आ रही है, जिसके अनुसार इन कर्मचारियों को अब दिवाली पर छुट्टियां नहीं मिलने वाली है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि जो लोग भी पुलिस विभाग में पदस्थ हैं, उन्हें त्योहारों के मौकों पर बहुत ही कम छुट्टियां मिलती है।क्योंकि त्यौहारी सीजन के दौरान कई प्रकार के अपराध और अन्य घटनाएं होने का हमेशा खतरा मंडराता रहता है। इसलिए ऐसे मौकों पर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क रहता है।इधर, त्यौहारों के मौसम में कर्मचरियों की छुट्टियाों को लेकर जो बड़ी अपडेट निकलकर सामने आ रही है, वह छत्तीसगढ़ बिजली विभाग के कर्मचारियों को लेकर है। दरअसल, सीएसपीडीसीएल द्वारा एक आदेश जारी किया गया है, जिसके अनुसार यह कहा गया है कि बिजली विभाग में काम करने वाले सभी सभी फील्ड स्टाफ की दीपावली की छुट्टियां रद्द कर दी गई है।दीपावली ही नहीं, बल्कि त्यौहार निपटने के बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारियों को छुट्टियां नहीं मिलने वाली है। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह है छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा के चुनाव। दरअसल, चुनाव में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो, इस विषय को लेकर अब छत्तीसगढ़ सरकार ने बिजली कंपनी को यह सख्त आदेश दिए हैं कि जल्द से जल्द मेंटेनेंस का पूरा काम कंप्लीट किया जाना चाहिए।हालांकि, त्यौहारों से पहले मेंटेनेंस का काम पिछले काफी समय से चल रहा है और अब इसकी स्पीड को और भी तेज कर दिया गया है। बिजली कंपनी के कर्मचारियों को दीपावली और चुनाव से पहले अभी कई काम करने बाकी हैं। कई जगह तो नई लाइन डालने का काम चल रहा है।

## गाजा पर एनजीए की वोटिंग से भारत के गैरहाजिर रहने पर भड़कीं प्रियंका

**नई दिल्ली,28 अक्टूबर।** संयुक्त राष्ट्र में इजरायल-हमास युद्ध पर एक प्रस्ताव पेश किया गया, जो कि बहुमत के साथ पारित भी हो गया। हालांकि, भारत ने इस वोटिंग से खुद को अलग रखा। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को भारत का यह स्टैंड पसंद नहीं आया। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया है।

आपको बता दें कि प्रस्ताव में संघर्ष विराम की अपील की गई थी। भारत इससे इसलिए खुद को अलग रखा क्योंकि इसमें आतंकवादी संगठन हमास को लेकर कुछ नहीं कहा गया, जिसने बीते 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला कर दिया था। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भारत का यूएनजीए में वोटिंग से दूर रहना एक राष्ट्र के रूप में हमारे देश के जीवन भर से चली आ रही हर चीज के खिलाफ है।

# कांग्रेस प्रत्याशी को बदलने दिल्ली में प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,28 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में कुछ ही दिनों बाद विधानसभा चुनाव होने वाला है. मतदान के तारीखों का भी ऐलान हो चुका है. इसके बाद सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा करना शुरू कर दी है. वहीं चुनाव के लिए टिकट बंटवारे के बाद से कांग्रेस में बगावत शुरू हो गई है. कसडोल विधानसभा में संदीप साहू के प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही कांग्रेसी कार्यकर्ता बाहरी व्यक्ति बताकर लगातार उनका विरोध कर रहे हैं. कांग्रेस में वर्षों से निष्ठा पूर्वक जुड़े कार्यकर्ता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं. इसको लेकर स्थानीय स्तर से लेकर दिल्ली तक पहुंचकर विरोध प्रकट कर प्रत्याशी बदलने की मांग कर रहे हैं.

कांग्रेस के गोरेलाल साहू ने पहले ही नामांकन फार्म खरीद मीडिया से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं. वहीं विमल साहू सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली पहुंचकर विरोध प्रकट कर रहे हैं. यह बात जरूर है कि कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू अपने आपको स्थानीय बता रहे हैं पर उनके ही कांग्रेसी साथी उन्हें बाहरी बता रहे हैं, जिससे कही न कहीं उनकी राह आसान नहीं दिखाई पड़ रही है. संदीप साहू का शुरू से क्षेत्र में विरोध हो रहा था पर अंततः उन्हें कांग्रेस से टिकट मिला है और गुरुवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने उन्होंने नामांकन दाखिल किया है. वहीं कल कांग्रेस के पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया ने भी नामांकन फार्म खरीदा है. इन सब को देखकर लगता है कि कहीं भाजपा के धनीराम बाजी न मार ले जाए और कांग्रेस को कसडोल विधानसभा से हाथ धोना न पड़ जाए. फिलहाल सारी स्थिति तो नाम वापसी के बाद ही पता चलेगा. इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता किस प्रकार रूठों को मनाने में कामयाब हो पाते हैं यह देखने वाली बात होगी.



## 37वां राष्ट्रीय खेल गोवा 2023, 43 खेलों के लिए मुकाबले जारी

jasclaudius@gmail.com

# तेज रफ्तार ने रोलबॉल में पैदा किया रोमांच

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

इस सदी में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की अवधि काफी कम ज्यादा रही है। 1924 में जब से राष्ट्रीय खेलों को आयोजित करने की परम्परा आरंभ हुई तब से इसे प्रति दो वर्ष में सम्पन्न कराया जाता था। 1924 से 1938 तक यह इंडियन ओलंपिक गेम्स फिर 1940 से 1946 तक नेशनल गेम्स के नाम से जाना जाता था। भारत को 15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता के पश्चात 1948 से 1979 तक इसे स्वतंत्रता के बाद का राष्ट्रीय खेल फिर 1985 से ओलंपिक खेलों के प्रारूप में आयोजित राष्ट्रीय खेलों का नाम दिया गया। 1970 से यह स्पर्धा प्रत्येक दो वर्ष में ना होकर अनियमित हो गया। 21वीं सदी में 2001, 2002, 2007, 2011, 2015, 2022 के बाद अब 2023 में गोवा में सम्पन्न हो रहा हे। समय के अनुसार राष्ट्रीय स्पर्धा में खेलों की संख्या बदलती रही है। 2023 में 43 खेलों की स्पर्धा हो रही है जिसमें 10000 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस बार स्काय, बीच फुटबाल, रोलबाल, कलारीपयट्टु, पेनकाक, सिलाट और मिनी गोल्फ जैसे खेलों को शामिल किया गया है। इनमें से रोलबाल सबसे तेजी से उभरता हुआ खेल है। रोलबाल की उत्पत्ति भारत में ही हुई जब पुणे के राजू दमाड़े ने रोलबाल का अविष्कार किया और खेल के नियम आदि तैयार किए 2003 से 2005 तक रोलबाल को लोकप्रिय बनाने के प्रयास शुरू हुए आज स्थिति यह है कि यह खेल आज विश्व के विभिन्न महाद्वीपों के 62 देशोंमें अधिकृत रूप से खेला जा रहा है। भारत में जन्म लिए खेल को जिस तेजी से संसार के कई देशों के द्वारा अपनाया जा रहा है वह किसी चमत्कार से कम नहीं। आज के युवा रफ्तार



को पसंद करते हैं। रोलबाल के खिलाड़ी पैरों में रोलर स्केट पहनकर मैदान में गेंद को विपक्षी पाले में डालने के लिए तेजी से भागते हैं जिससे रोलबाल मैच के दौरान काफी तेज खेल हो जाता है। पलक झपकते ही गेंद कभी इस पाले में कभी उस पाले में चली जाती है। इस खेल में हर खिलाड़ी का चुस्त-दुरुस्त रहना, चौकन्ना रहना सबसे महत्वपूर्ण है। त्वरित निर्णय लेने से विपक्षी पर दबाव बनता है। 50 या 40 मिनट के रोलबाल के एक मुकाबले में गोलकीपर को छोड़कर बाकी प्रत्येक खिलाड़ी मैच समाप्ति तक कई किलोमीटर की दूरी तय कर लेते हैं। इस खेल को रोचक बनाने के लिए इसके जनक राजू दमाड़े नियमों में परिवर्तन करने से पीछे नहीं हटते हैं। मैच के दौरान दोनों टीम के 6-6 खिलाड़ियों की भागमभाग/आपाधापी में कई बार देखने में आया कि मैच के निर्णायक उतनी तेजी के साथ दौड़ नहीं सकते हैं अतः अब निर्णायकों को भी रोलर स्केट पहनकर मैदान में आना पड़ता है और निर्णय से पहले खिलाड़ियों के साथ-साथ दौड़ना पड़ता है। रोलबाल धीरे-धीरे आधुनिक युवाओं की पसंद बनता जा रहा है। भारत का ही खेल होने, कम समय में परिणाम देने वाला मुकाबला होने की वजह से अब जरूरी है कि इस खेल को मीडिया द्वारा भारत में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार मिल सके। युवा स्वस्थ रहेंगे तो समाज भी शक्तिशाली बनेगा। रोलबाल अब बड़े शहरों से कस्बों की पसंद बनते जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के युवा भारत के सपनों को साकार करने के लिए केंद्र सरकार का खेल विभाग, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण रोलबाल को लगातार बढ़ावा दे रहा है जिसका परिणाम है कि 37वें राष्ट्रीय खेलों में पहली बार रोलबाल को सम्मिलित किया गया है। इसको गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी देशवासियों के सहभागिता की आवश्यकता है।

# जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी को चुनाव मैदान से हटने धमकी

**रायपुर,28 अक्टूबर।** कांग्रेस से इस्तीफा देकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) में शामिल हुए विधायक और सराईपाली विधानसभा सीट से प्रत्याशी किस्मत लाल नंद को लगातार धमकियां मिल रही हैं। नंद को चुनाव लड़ने से पीछे हटने के लिए कहा जा रहा है। अमित जोगी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस के साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से भी शिकायत की गई है। अमित जोगी ने ट्वीट कर कहा, चुनाव से हट जाओ नहीं तो अच्छा नहीं होगा, सीएम आपको छोड़ेंगे नही इसी तरह लगातार मिल रही है जोगी कांग्रेस के सराईपाली प्रत्याशी श्री किस्मत लाल नंद जी को धमकियां। इस संबंध में बसना के टीआई श्री आशीष वासनिक जी की शिकायत आज हमने भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त महादेय से की है और उनके विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। अमित जोगी ने आगे कहा, मैं फिर एक बार उन लोगों को यह बताना चाहता हूं, जो जोगी कांग्रेस के प्रत्याशियों को लगातार धमकियां दे रहे हैं, इस बात का ध्यान रखें की जब समय की सुई घूमती है तो अच्छे-अच्छों की शामत आती है। ये मत भूलना। अपनी ड्यूटी करें, दादागिरी नही।

आपको बता दें किस्मत लाल नंद साल 2018 में कांग्रेस की टिकट से सराईपाली विधानसभा सीट से प्रत्याशी चुने गए थे। इस साल विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उनकी टिकट काट दी। जिससे नाराज होकर उन्होंने जोगी कांग्रेस का दामन थाम लिया। पार्टी ने उन्हें सरायपाली सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है।

## एक नजर




कवर्धा। नगरपालिका आफिस में मतदाता जागरूकता अभियान कलेंडर।

### एसएसपी ने किया वैशालीनगर थाने का औचक निरीक्षण



**भिलाई, 28 अक्टूबर।** एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने वैशालीनगर थाने का औचक निरीक्षण किया थाने के कार्य के संबंध में जानकारी ली थाने का अपराध रजिस्टर चेक किया, दर्ज मामले, पेंडिंग मामले में कार्रवाई व अन्य अभिलेख आदि जांच की साथ ही सभी कागजात पूर्ण व व्यवस्थित रखने के निर्देश - दिए। निरीक्षण में थाना परिसर स्थित कंप्यूटर कक्ष, मुंशी कक्ष, हवालात आदि का निरीक्षण कर उपस्थित बल से वार्तालाप कर विधानसभा चुनाव में अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। थाना के निरीक्षण उपरांत शांतिनगर में बन रहे नवनिर्मित वैशालीनगर थाना भवन का निरीक्षण किया। नवनिर्मित थाना भवन में थाना प्रभारी कक्ष, रोजनामचा कक्ष, विवेचक कक्ष, द्वितीय तल में कर्मचारियों के लिए बैरक कक्ष के निर्माण संबंधी कार्यों को देखा अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश इंजीनियर को दिए। निरीक्षण के दौरान वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा, इंजीनियर प्रभाकरण भारती एवं थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।

### चतुर्थ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

**पाटन,28 अक्टूबर।** मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर एंड स्पोर्ट्स भारत सरकार व योगासन भारत के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के अग्रसेन



भवन सेक्टर 6 भिलाई में तीन दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय योगासना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में पाटन विकासखण्ड से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा कक्षा सातवी की छात्रा भूमिका देवांगन व ग्राम मर्रा की निवासी भूमिका साहू ने भी प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में भूमिका साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी खिलेंद्र साहू शिक्षक ने बताया कि पाटन के ग्राम तेलीगुंडरा, मर्रा व बोदल गांवों में युवक, युवती लगातार योग के क्षेत्र में सतत प्रयास कर रहे हैं जिसका परिणाम भी सामने आ रहा है। पूर्व में भी ग्राम मर्रा के युवा खिलाड़ी धीरेंद्र वर्मा योग में वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था । भूमिका साहू वर्तमान में शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई,में बी.एस.सी.अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह आगे चलकर योग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है। भूमिका की इस उपलब्धि पर पाटन अंचल में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर लाला राम वर्मा, तुला राम वर्मा, महेंद्र साहू योगगुरु व छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती, उद्धव साहू अध्यक्ष दुर्ग योग एसोसिएशन, मनोरमा पांडे महिला योग समिति दुर्ग ने भूमिका की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### मतदाताओं को जागरूक करने बनेगी वाहनों की श्रृंखला

**भिलाई, 28 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भिलाई निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 29 अक्टूबर को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वाहनों की श्रृंखला बनाकर रैली निकाली जाएगी, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अनूठे तरीके से होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की निगम द्वारा तैयारी की जा रही है। भिलाई नगर विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर 29 अक्टूबर रविवार को मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र 65 एवं 66 में लोगो को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने निगम द्वारा विशेष आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे बैकुंठ धाम स्थित मैदान में स्वास्थ्य विभाग के करीब सौ से अधिक वाहनों की श्रृंखला से मतदान तारीख 17 नवंबर का लिखित आकार बनाएंगे। जिसे काफी ऊंचाई तक देखा जा सकेगा। इसके बाद वाहनों की रैली निकलेगी जो छावनी चौक से होते हुए हथखोज रोड, ट्रांसपोर्ट एरिया, केनाल जीरो पाइंट, मस्जिद रोड, नंदनी रोड होते हुए सेक्टर एरिया पहुंचेगी जो सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर 09 हास्पिटल चौक, हुडको श्रीराम चौक, 32 बंगला, स्कंदाआश्रम से स्टील क्लब चौक से होते हुए सेक्टर 07 मैदान पहुंचेगी ।

# कांग्रेस सरकार ने सभी वर्गों का किया विकास : ताम्रध्वज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अक्टूबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। इसके पश्चात मीनाक्षी नगर बोरसी में आम सभा आयोजित किया गया। इस आमसभा को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बीते पांच साल में कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए जन कल्याणकारी कार्यों के साथ हम जनता के बीच जाएंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। हमने सर्वाहारा वर्ग का विकास किया है। हमारी सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों के विकास के लिए जो योजनाएं बनाई उनके प्रमाण धरातल पर मौजूद है। साथ ही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में सभी सड़क ,पुल पुलिया, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, स्कूल भवन, कालेज ,सामाजिक भवन, तटबंध, सी सी सड़क निर्माण, नगर निगम रिसाली में विभिन्न विकास कार्य सहित सरकार के जनकल्याण



कारी योजनाओं का लाभ आप सभी को मिला है आज प्रदेश के हर वर्ग का भरोसा कांग्रेस सरकार के साथ है। हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी को इस चुनाव में सभी वर्गों का सहयोग और वोट मिलेगा। हमारी पार्टी के सभी उम्मीदवार भारी बहुमत से चुनाव में जीत दर्ज करेंगे। आम सभा में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अलावा दुर्ग शहर से भी बड़ी तादाद में कांग्रेस पार्टी के समर्थक शामिल हुए। आमसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी झुमुक लाल साहू, अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन,उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू,महापौर रिसाली शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, भीष्म हिरवानी, डिकेंद्र हिरवानी, खुमान साहू, रिवेंद्र यादव,जिला सभापति योगिता चंद्राकार,लक्ष्मी साहू, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकार, बहादुर नेताम ,अध्यक्ष ब्लॉक शहर मुकुंद भाऊ, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा साहू सहित कांग्रेस विंग के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता और दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।



## कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चन्द्राकर ने नेहरू नगर में किया जनसम्पर्क

**भिलाई, 28 अक्टूबर।** शुक्रवार को वैशाली नगर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चन्द्राकर ने अपने समर्थकों के साथ नेहरू नगर वार्ड 4 में ज़ोर शोर से जन सम्पर्क अभियान किया। मुकेश चन्द्राकर ने आगे कहा की जनता से मिल रहे समर्थन से यह निश्चित कहा जा सकता है कि वैशाली नगर में अपितु पूरे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से आ रहा है। 75 पार का नारा है निश्चित रूप से सत्य होता दिख रहा है। मुकेश चन्द्राकर चुनाव प्रचार के दौरान भी लगातार मैदान में पसीना बहा रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक अलग-अलग समाज एवं सामाजिक प्रमुखों के साथ बैठकें मोहल्ला विकास समितियों एवं प्रमुख धार्मिक संगठन में लगातार स्थानीय लोगो से संपर्क एवं चर्चा का दौर जारी है। कांग्रेस नेत्री प्रतिमा चंद्राकर, वरिष्ठ नेता बृजमोहन सिंह, कांग्रेस नेत्री गुरमीत सिंग धनई, छाया पार्षद भुनेश्वरी, अमित जैन, वार्ड अध्यक्ष अमित सिंह, किशन, संजू अजय गोविंद, कौशल यादव, बंटू शर्मा, करण, राजेश साहू, प्रियत नायर, मंजू दूबे अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की उपस्थिति में नामांकन दाखिल

# कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को बदलकर रहेगी जनताः प्रेमप्रकाश पांडेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अक्टूबर।** भिलाई नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल कर चुनावी शंखनाद किया। नामांकन पूर्व पाण्डेय ने दुर्गा मंदिर सेक्टर-2, गणेश मंदिर सेक्टर-5, सेक्टर 9 श्री हनुमान मंदिर, बाबा बालक नाथ मंदिर खुर्सीपार, शीतला माता मंदिर, ग्राम देवी छावनी, मंगल बाजार छावनी मंदिर, जैतखाम एवं गुरुद्वारा बेबे नानकी में मत्था टेक कर नामांकन रैली की शुरुआत की। उनकी नामांकन रैली छावनी, ट्रांसपोर्ट नगर चौक, केनाल रोड,भगत सिंह चौक, रामचंद्र होटल, एमपीआर रोड, श्रीराम चौक, गुरुद्वारा बेबे नानकी, शिवालय, परशुराम चौक, केनाल रोड, नंदिनी रोड, ओवर ब्रिज होते हुए सेन्ट्रल एवेन्यू, सेक्टर-9 चौक, हॉस्पिटल सेक्टर हुडको श्रीराम चौक से ओवर ब्रिज होते हुए जेल तिराहा, कचहरी चौक से गंज मंडी पहुंची, जहां उन्होंने दुर्ग जिले के सभी भाजपा प्रत्याशियों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। पाण्डेय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है मुझे फिर से अपनी कर्मभूमि भिलाई की सेवा करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि



शिक्षाधानी भिलाई जिसकी पहचान आईआईटी के नाम से होती थी, उसे आज महादेव आईडी के नाम से जाना जा रहा है। पिछले 5 वर्षों में शहर की छवि जिस तरह धूमिल है, निश्चित ही अब इस सरकार को बदलने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अब नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे और भिलाई को उसकी खोई हुई पहचान वापस दिलायेंगे। रैली के दौरान छावनी, खुर्सीपार, टाउनशिप, हुडको आदि क्षेत्रों में आम जनों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। पाण्डेय ने सभी का अभिवादन किया और आशीर्वाद रूपी समर्थन के लिए आभार जताया। रैली में हजारों की संख्या में महिलाएं, युवा साथी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। श्री पाण्डेय ने कहा कि निश्चित ही यह जनसैलाब भिलाई की भ्रष्टाचारी सरकार को बदलकर रहेगा। तो फिर से भिलाई बन जाएगा अपराध का गढ़ दुर्ग गंज मंडी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पाण्डेय ने कांग्रेस सरकार की नीतियों और उसकी योजनाओं पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस जनता को छलने का काम करती है। 2018 में जब कांग्रेस आई तब छत्तीसगढ़ पर कर्ज 11000 करोड़ था जो आज बढ़कर 28000 करोड़ आ गया है। कांग्रेस का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ करने की योजना लाई उससे पहले उन्होंने बिजली बिल को बढ़ा दिया उसके बाद उसे घटाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में भ्रष्टाचारियों की एक श्रृंखला है अगर कोई छोटे स्तर का नेता है तो वह लाखों में भ्रष्टाचार करता है अगर वह मंत्री है तो वह करोड़ों में भ्रष्टाचार करता है और अगर वह केंद्र में मंत्री है तो हजार करोड़ में भ्रष्टाचार करता है। भिलाई की मौजूदा हालातों का जिक्र करते हुए पाण्डेय ने कहा कि भिलाई में पहले मूर्तियां चोरी होती थी, और आज मूर्तियां तोड़ी जाती है। भिलाई अब नशे का गढ़ बन चुका है शराब, इंजेक्शन और अब तो ब्राउन शुगर जैसी नशीली चीज भी भिलाई में बिकने लगी हैं, और यह सब कांग्रेस के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि भिलाई पहले आईआईटी के नाम से जाना जाता था और अब सट्टे की आईडी से जाना जाता है। हाल ही में एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई और उसे न्याय दिलाने के लिए पूरा भिलाई बंद करवाना पड़ा तब जाकर उसे आधा अधूरा नया मिला। लोगों से अपील करते हुए पाण्डेय ने कहा कि अगर यह सरकार दोबारा आ गई तो भिलाई फिर से अपराध का गढ़ बन जाएगा और अपराधियों का मनोबल भी बढ़ जाएगा। अगर भिलाई की जनता को नशाखोरी, अपराध,सट्टेबाजी से छुटकारा चाहती है तो इस बार कमल का बटन दबाए और भारतीय जनता पार्टी को ही लाएं।

### चोर लाखों की चपत लगा गए

**भिलाई,28 अक्टूबर ।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र रिसाली स्थित अपने बेटे के घर सोने गए रिटायर्ड स्कूल प्रिंसिपल के भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-10 स्थित निवास का ताला तोड़ अज्ञात चोर करीबन 300 युरो एवं 550 यूएस डालर की फोरेन करंसी, सोने की बाली, चांदी की भगवान की मूर्ति, 10 से 12 चांदी के सिक्के, एप्पल कंपनी का आईपैड, आईफोन 5, हेड फोन चोरी कर लाखों की चपत लगा गए हैं। चोरी की सूचना पर भिलाई नगर पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है पुलिस ने बताया कि कृष्णा विद्यालय में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त एएन पाढ़ी 24 अक्टूबर की रात्रि करीबन 11 बजे क्वा नं 4-ए, सड़क नं 33-ए, सेक्टर 10 अपने घर में ताला लगाकर बेटे अमित कुमार के पास प्रियंका नगर रिसाली में जा के सोये थे। अगली सुबह 10 बजे सेक्टर 10 आकर देखा तो ताला टूटा हुआ था और दरवाजा अंदर से बंद था। घर में चोरी होने की आशंका होने से उनका लड़का पीछे से घर के अंदर जाकर दरवाजा खोला और देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। रूम मे रखी दो अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखी सोने की कान की बाली एवं चांदी की भगवान की मूर्ति, सिक्का 10-12 नग, एप्पल कंपनी का आई. पैड, एवं आई. फोन 5, हेड फोन, 4315 धिरम, करीबन 300 युरो एवं 550 युएस डालर की फोरेन करंसी कोई अज्ञात ताला तोड़कर घर मे प्रवेश कर चोरी कर ले गया।

# बीएसपी की महिला कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

भिलाई, 28 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की महिला कर्मचारियों के लिए, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) भिलाई चैप्टर-महिला विंग द्वारा बृहस्पतिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एवं आईआईएम भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष अंजनी कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सुष्मिता डे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के मैकेनिकल इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ सौम्या गंगोपाध्याय ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक व आईआईएम भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक व आईआईएम भिलाई चैप्टर के कार्यकारी संघ के सदस्य यतेंद्र कुमार, वरिष्ठ सलाहकार व आईआईएम भिलाई




चैप्टर के संयुक्त सचिव उदय भानु तिवारी, तथा सहायक महाप्रबंधक व आईआईएम भिलाई चैप्टर के संयुक्त सचिव एस बी पटेल भी उपस्थित रहे। इस टेक्निकल क्विज़ की विजेता जनसम्पर्क विभाग से सुश्री अपर्णा चंद्रा व सुश्री विनीता पांडे की टीम रही7 इसके साथ ही द्वितीय स्थान सुश्री सुष्मिता पटला व सुश्री श्रेया सेनगुप्ता तथा तृतीय स्थान सुश्री फिलोमिना एक्का व सुश्री अनिमा ओराम की टीम ने प्राप्त किया। टेक्निकल क्विज को क्विज़मास्टर्स सहायक प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया और प्रबंधक सुश्री सौम्या सिंह ने कुशलता से आयोजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि चन्द्रयान जिसमें महिला वैज्ञानिकों की संख्या से आप ये अंदाजा लगा सकते हैं कि महिलाएं किसी से कम नहीं है। श्रीमती निशा सोनी ने कहा कि इस टेक्नीकल क्विज़ में महिलाओं की बड़ी संख्या में प्रतिभागिता निश्चित तौर पर प्रोत्साहित करने वाला है। कार्यक्रम संचालन में के वी शंकर ने विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आयोजन तथा संचालन महिला विंग की कोर कमेटी सदस्य व महाप्रबंधक सुश्री पुष्पा एम्ब्रोस तथा सुश्री स्वाति प्रदीप, सुश्री श्वेता डी सहित सुश्री सरस्वती ने किया तथा के कोषाध्यक्ष ने एस एस आर सी मूर्ति ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विधायक देवेंद्र यादव की विश्वास यात्रा को मिल रहा जोरदार समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 28 अक्टूबर। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा कर रहे हैं। विश्वास यात्रा को जनता का खूब प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। जहां भी जिस भी गली में मोहल्ले में वे जा रहे हैं। वहां हजारों की संख्या में लोग खुद आने घरों से निकल कर उन्हें समर्थन में खड़े हो रहे है। खुर्सीपार में माहौल ऐसा है कि विधायक यादव के समर्थन में उनके विश्वास यात्रा में स्वयं से सैकड़ों महिलाएं जूड़ रही है। महिलाएं खुद से यात्रा में शामिल होकर उनके साथ चल रही है। उनका समर्थन कर रही है। शुक्रवार को वार्ड 48 जोन 3 खुर्सीपार और वार्ड 38 में विश्वासन यात्रा निकाली गई। जहां



हजारों की संख्या में माताएं और बहनें शामिल हुई। विधायक देवेंद्र यादव को माताओं और बहनों ने खूब स्नेह और आशीर्वाद दिया। उन पर पूरा विश्वास जताया और कहा कि आप ने इस 5 साल में जो खुर्सीपार और यहां की जनता के लिए काम किया है। उसे कभी भुलाया नहीं जा रहा है। सुबह विधायक यादव पैदल-पैदल वार्ड 48 पहुंचे और दोपहर बाद वार्ड 38 में विश्वास यात्रा निकाली। जहां विधायक को देखकर हजारों की संख्या में वार्डवासी अपने घरों से निकल कर आए। उनसे मिले। हाथ मिलाए। विधायक यादव का वार्ड में कई जगह पर वार्ड के नागरिकों ने स्वागत किया। पुष्प भेंट किए, तिलक लगाए और फटाखा फोड़कर जमकर स्वागत किए। इसी प्रकार विधायक यादव पैदल-पैदल पूरे वार्ड के प्रत्येक गली मोहल्ले के हर घर तक पहुंचे। हर एक परिवार से मिले, उनका आशीर्वाद लिए।

# अच्छी सरकार बनाने में योगदान देंगे ब्राह्मण मतदाता :दुबे



भिलाई, 28 अक्टूबर। अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार के प्रदेश अध्यक्ष हरेन्द्र दूबे छत्तीसगढ़ में अच्छी एवं विकारपरक सरकार बनाने के लिए ब्राह्मण समाज को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा है कि राज-काज में सदैव ब्राह्मणों का ही अहम् रोल रहा है। इस चुनाव में भी ब्राह्मण समाज अपना अहम् रोल निभाएगा और योग्य व् जीतने योग्य उम्मीदवारों को सामने लेकर छत्तीसगढ़ में मजबूत सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। बिहार की राजनीति में जुझारू नेता कि छवि बनाने वाले हरेन्द्र दूबे ने तरुण छत्तीसगढ़ से कहा कि विश्व गुरु के रूप में भारत पूरी दुनिया में तेजी के साथ उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत को श्रेष्ठतम रूप में प्रस्तुत कर दिखा दिया है भारत का विश्व राजनीति में कोई सानी नहीं है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए दूबे ने कहा कि भूपेश बघेल एक अच्छे मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत हुए हैं। निश्चित ही उनके किये कार्यों का लाभ इस चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार जरूर सर चढ़कर बोला है और कई नेता बेलगाम हुए हैं लेकिन किसानों से लेकर रियल एस्टेट की ओर देखें तो खूब तरक्की हुयी है। हरेन्द्र दूबे ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में काम हो रहा है।

उन्होंने ने बीजेपी की यह कहकर तारीफ की कि भाजपा ने केंद्र से काफी धनराशि भेजकर दिखा दिया कि वह केवल और केवल विकास चाहती है। यदि बीजेपी के नेता इसे भुना लेते हैं जरूर उन्हें बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की दिल खोलकर सरहाना की।

# रेलवे स्टेशन में लावारिस मिले तीन बैग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,28 अक्टूबर।** भिलाई -3 रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आरपीएफ की टीम को सीढ़ी के नीचे तीन बैग लावारिस हालत में मिले आरपीएफ की टीम ने आसपास पूछताछ के बाद उक्त तीनों बैग जब्त किए जब बैग खोलकर देखा तो बैग से कुल 14 पैकेट बरामद किए जिसमें गांजा भरा हुआ था बरामद गांजे का कुल वजन 14.222 किलोग्राम निकला जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है भिलाई - 3 आरपीएफ पोस्ट टीआई पूणिर्मा राय बंजारे ने बताया कि घटना आरपीएफ पोस्ट भिलाई की टीम ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ के सभी रेलवे स्टेशनों में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में भिलाई 03 रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर लावारिस हालत में तीन बैग मिले। यह बैग पोल



नंबर 852/09 के पास सीढी के नीचे दिखाई दिए। उक्त बैगों के संबंध में आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर कोई वारिस नहीं मिला। इसके बाद तीनों बैग जब्त किया गया। जब्त बैग में काले रंग का पीट्ठू बैग जिसमें एचपी लिखा हुआ था एक लाल एवं काले रंग का पीट्ठू बैग रीबोक लिखा हुआ तथा एक कपडे का थैला चेन लगा हुआ मिला। तीनों बैग खोलने पर एक बैक से 6 पैकेट, दूसरे बैग से 4 पैकेट व कपड़े चेन लगे बैग से 4 पैकेट कुल 14 पैकेट मिले पैकेट खोलने पर उसमें गांजा भरा हुआ था। वजन कराने पर इसका कुल वजन 14.222 किलोग्राम निकला जिसे जब्त किया गया। आरपीएफ मामला जीआरपी को सौंप दिया। जीआरपी ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है इसके बाद आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के एसआई आरके राठौर ने पंचनामा के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासकीय रेल पुलिस थाना भिलाई 3 को सौंप दिया गया। जीआरपी द्वारा उक्त मामले में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है इस पूरी कार्रवाई में आरपीएफ पोस्ट भिलाई के टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक आरके राठौर, प्रधान आरक्षक सीमांत सिंह, आरक्षक सुखराम मीना, आरक्षक अजय राठौर का सराहनीय योगदान रहा।

### नेवई स्थित एसएलआरएम सेन्टर में पुनः ऐग्लो उत्पादन शुरू

**भिलाई, 28 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने पर्यावरणीय प्रयासों को सुदृढ़ करते हुए नेवई में कचरा निष्पादन हेतु एसएलआरएम सेंटर की स्थापना की थी। जिसके माध्यम से प्लास्टिक पॉलीथिन से ग्रेनुअल्स तथा गीला कचरा से खाद बनाया जा रहा था। विगत कई महीनों से यहां कार्य प्रभावित था, भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के पीएचडी के संयुक्त प्रयासों से नेवई स्थित एसएलआरएम सेंटर में 27 अक्टूबर को प्लास्टिक प्रसंस्करण द्वारा ऐग्लो का उत्पादन पुनः शुरू कर दिया गया है।

## एक नजर

### करारी हार देखते हुये भाजपा की बी टीम सक्रिय : कांग्रेस

**रायपुर 28 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा जनता का भरोसा विश्वास पाने में असफल हो गई तब अपने आदत एवं 9 साल में भ्रष्टाचार से कमाई कालाधन एवं अडानी की दलाली में कमाये पैसो के दम पर चुनाव लड़ने अपनी बी टीम को खड़ा कर रही है। भाजपा की बी टीम जो जनता के लिये नहीं बल्कि अपनी स्वार्थ और पैसा की भूख के लिये जानी जाती है। भाजपा का यह षडयंत्र भी असफल रहेगा। कांग्रेस का 75 सीट जीत पुनः सरकार बनायेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सीधे तौर पर चुनावी मुकाबले में भारतीय जनता पार्टी दूर-दूर तक नहीं है और अब वोट कटवा प्रत्याशियों के भरोसे जमानत बचाने का प्रयास कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अपने छत्तीसगढ़ के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भरोसा पूरी तरह उठ चुका है। यही कारण है कि अंतागढ़ के षड्यंत्रकारी एक बार फिर से साजिश रच रहे हैं। राजनीतिक नफे-नुकसान के लिए भाजपा कहीं पर निर्दलीयों के सहारे है तो कहीं पर अन्य छोटे दलों के सहारे चुनाव लड़ने का प्रयास कर रही है। एक तरफ जहां जेसीसीजे से भाजपा में आए धर्मजीत सिंह को लोरमी से और रोहित साहू को राजिम से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है तो वही भाजपा से जेसीसीजे में वापस आए आरके राय को जेसीसीजे ने प्रत्याशी बनाया है।

### प्रदेश के निर्वाचन में रायपुर रचने जा रहा है इतिहास

**रायपुर 28 अक्टूबर।** ''मास्टर ट्रेनर ने पूछा मतदान क्रमांक-02 का क्या कार्य है। महिला प्रशिक्षणार्थियों बताया कि अमिट स्याही लगाना, पर्ची देना, रजिस्टर में हस्ताक्षर कराना। उनके सटीक एवं सही जवाब से मास्टर ट्रेनर संतुष्ट हुए और सराहना भी की। यह दृष्य एनआईटी में मतदान दलों का प्रशिक्षण के दौरान का था। यहां ट्रेनिंग ले रहीं महिलाएं उत्साह से लबरेज थी, क्योंकि जिले का यह विधानसभा चुनाव प्रदेश के निर्वाचन में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। यहां के दो विधानसभा महिलाओं के जिम्मे होगा। यहां टॉप से लेकर यूनिट तक निर्वाचन का कार्य महिलाओं को सौंपा जाएगा। यह विधानसभा में उत्तर और पश्चिम है। वास्तव में यह महिला सशक्तिकरण का परिदृष्य है। राज्य निर्वाचन आयोग महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित और महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष बूथ संगवारी केंद्र बनाए जा रहे है। जिले के उत्तर और पश्चिम विधानसभा में सभी बूथों को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया जा रहा हैं। उत्तर विधानसभा में 18 सेक्टर है। इसमें 01 सेक्टर में महिला अधिकारी होंगी। वहीं 265 कुल मतदान केन्द्र 1 हजार 60 महिला अधिकारियों के हवाले होगा। 265 बूथ में पीठासीन अधिकारी, मतदान क्रमांक 01,02,03 में सभी जगहों पर महिला अधिकारी-कर्मचारी को तैनात किया जाएगा। अर्थात् यहां 265 पीठासीन अधिकारी और 7 सौ 95 मतदान अधिकारी रहेंगे। सबसे प्रमुख बात यह है कि इस विधानसभा के मुख्य ऑब्जर्वर 01 महिला आई.ए.एस अधिकारी श्रीमती विमला आर. है साथ ही उनकी लाईजिनिंग ऑफिसर भी महिला है। साथ ही अधिक से अधिक महिला पुलिस बल भी तैनात किए जा रहे है। यहां पर मतदान पर्ची चेक करने से लेकर उंगली में स्याही लगाने और रजिस्टर में हस्ताक्षर के साथ वोटिंग करवाने तक महिलाएं ही नजर आएंगी।

### क्रिटिकल बच्चों के इलाज के लिए पहली पसंद बना ओम हॉस्पिटल

**रायपुर 28 अक्टूबर।** गर्भावस्था के 7 वे और 8 वे माह में जन्में बच्चों के इलाज के लिए पैरेंट्स की पहली पसंद अब महादेवघाट रोड स्थित ओम हॉस्पिटल हो गया है. यही कारण है कि पिछले 1 महीने में 6 से अधिक बच्चे अस्पताल के पीडियाट्रिक विभाग से स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुए है. अस्पताल के पीडियाट्रिक विभाग के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राम प्रकाश साहू ने बताया कि अस्पताल में समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों के इलाज के लिए पूरी सुविधाएं मौजूद है. उन्होंने बताया कि अस्पताल में ट्वीन बेबी भर्ती हुई थी, जो गर्भावस्था के 7.5 महीने में पैदा हुई थी. जन्म के वक्त वे अंडर वेट थी और उनका वजन 1 किलो 200 ग्राम और 1 किलो 200 ग्राम था. उन्होंने बताया कि गर्भ धारण करने के बाद मरीज को पता चला कि उन्हें सिकलसेल हो गया है और उन्हें बार-बार खून चढ़ाने की नौबत आ गई. जिसके बाद डॉक्टरों ने उनका इलाज किया और ज्यादा से ज्यादा वक्त तक बच्चों को गर्भ में रखने की रणनीति बनाई. लेकिन बाद में उन्हें डिलीवरी करानी पड़ी, जिसके बाद बच्चों का पूरा इलाज किया गया, लगभग 1 महीने के बाद वे पूरी तरह स्वस्थ्य हुए और उनका वजन बढ़ने लगा. डॉ राम ने बताया कि अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ और मेडिसीन विभाग की संयुक्त टीम की मदद से अस्पताल में क्रिटिकल केयर में गर्भवती महिलाओं और जन्म लेने वाले बच्चों का पूरा इलाज किया जाता है. उन्होंने बताया कि उक्त जुड़वा बच्चों के अलावा भी 4 अन्य गंभीर बच्चों का इलाज ओम हॉस्पिटल में सफल रूप से किया गया।

# एनएमडीसी ने अत्याधुनिक मोबाइल पर्यावरण प्रयोगशाला को दिखाई हरी झंडी

**हैदराबाद, 28 अक्टूबर।** राष्ट्रीय खनन कंपनी एनएमडीसी ने आज हैदराबाद में अपने मुख्यालय से देश की अपनी तरह की पहली मोबाइल पर्यावरण प्रयोगशाला को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अत्याधुनिक वाहन छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो रहा है, जहां इसे 01 नवम्बर, 2023 को रायपुर में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड (सीईसीबी) को सौंप दिया जाएगा।

कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने श्री वी सुरेश, निदेशक (वाणिज्य) ; श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और श्री बी विश्वनाथ, सीवीओ की उपस्थिति में मोबाइल पर्यावरण लैब छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वास्थ्य के लिए समर्पित की।

भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क



उत्पादक, एनएमडीसी छत्तीसगढ़ के बैलाडीला क्षेत्र में एक प्रमुख खनिक है और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।यह मोबाइल पर्यावरण प्रयोगशाला छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों में सीईसीबी की परिवेशी वायु गुणवत्ता की वास्तविक समय में निगरानी को सक्षम करेगी। वाहन पर एक निरंतर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) और प्रयोगशाला में 6 पोर्टेबल सीएएक्यूएमएस के साथ, वाहन प्रदूषण की लगातार निगरानी और शिकायतों का तुरंत समाधान करने के लिए तैयार है।

पानी और अपशिष्ट-जल गुणवत्ता विश्लेषण प्रणालियों से लैस, मोबाइल पर्यावरण लैब पानी का प्रबंधन करेगी और छत्तीसगढ़ के औद्योगिक बेल्ट से परिवेशी ध्वनि की गुणवत्ता भी रिकॉर्ड करेगी।

इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, ÷हमें छत्तीसगढ़ के इको-हेल्थ की बेहतरी में योगदान देकर खुशी हो रही है। एक स्थायी कार्रवाई प्रणाली के निर्माण की दिशा में पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम कार्यों की वर्तमान स्थिति को रिकॉर्ड करना और निगरानी करना है। एनएमडीसी को पर्यावरण प्रबंधन एवं जिम्मेवार खनन के क्षेत्र में अपनी अग्रणी पहल पर गर्व है।÷

जीईएम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गई , प्रिमोवर भारत बेंज वाहन पर निर्मित इस पर्यावरण लैब में सीएएक्यूएमएस, स्पेक्ट्रो फोटोमीटर, ड्रोन, बीओडी मापने की प्रणाली, पोर्टेबल वाटर एनालिसिस लैब, ऑटोक्लेव और हॉट एयर ओवन सहित अन्य वैज्ञानिक उपकरण लगे हुए हैं।

कंपनी के ईएसजी सिद्धांतों को फलने-फूलने के लिए एक मजबूत नींव बनाने की दिशा में, एनएमडीसी ने आज एक समारोह में अपनी सुस्थिरता रिपोर्ट 2022-23 भी जारी की।

# 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले 441 मतदाता करेंगे होम वोटिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर-घर जाकर मतदान (होम वोटिंग) का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। जिले में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वे किया गया है। सर्वे में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं से आवेदन फॉर्म 12 घ में प्राप्त किए गए हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित मतदाता को डाक मतपत्र जारी करते हुए इन श्रेणी के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि के बारे में पूर्व में ही सूचित किया जाएगा, जिससे मतदाता मतदान हेतु घर में उपस्थित रहे। यदि किसी कारणवश मतदाता उस दिन अपने घर में उपलब्ध नहीं है, तो पुनः अपने अगले दौरे की तिथि एवं समय की सूचना देकर मतदान दल द्वारा मतदाता का मत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। मतदान दलों के ऐसे प्रत्येक दौरे की जानकारी सभी अभ्यर्थियों को प्रदान की जायेगी। जिससे कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि व बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

## शराब की अवैध ब्रिकी करने वालों पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 28 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग (आईपीएस ) के अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने संबंधी दिए गए दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 27.10.2023 को थाना बसंतपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबीर कि सूचना पर मुखबीर के बताये स्थान गौरव पथ राजीव नगर जाने वाले सडक में अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी नंद लाल ढीमर पिता लक्ष्मीनाथ ढीमर उम्र 21 साल निवासी ढीमर पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव एक भूरे रंग के थैला मे अवैध शराब ब्रिकी हेतु रखे रंग हाथ पकडे एव उसके कब्जे से 100 पौवा देशी प्लेन शराब कुल शराब 18.000 वल्क लीटर कीमती 8000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध अपराध क्रमांक 551/2023 धारा 34 (2)आबकारी एकट के तहत कार्यवाही किया गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी विजय मिश्रा उप निरीक्षक शरादा बंजारे आरक्षक क्रमांक 1764,1672 की भूमिका सराहनीय रही।

## आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर संस्कार भारती में कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर 28 अक्टूबर।** आदि कवि वाल्मीकि जयंती पर संस्कार भारती जिला इक रायपुर द्वारा संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम



स्वदेशी भवन, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर रायपुर में आज शाम 4ः00 बजे से रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार अमरनाथ त्यागी जी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती जिला इकाई रायपुर के अध्यक्ष डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर करेंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध ध्रुपद गायन चंद्र कुशवाहा जी एवं साथियों द्वारा किया जाएगा। आदि कवि वाल्मीकि जी के जीवन चित्रण पर अतिथि वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम होगा। मुख्य रूप से अतिथि वक्ता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी एवं मां सीता, प्रभु श्री रामचंद्र जी, एवं लक्ष्मण जी के चरित्र वर्णन किया जाएगा इससे श्रद्धा भाव जनमानस में निश्चित रूप से जागृत होगा। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी संस्कार भारती रायपुर के महामंत्री श्रीमती वृंदा तांबे एवं सह महामंत्री श्रीमती पुष्पा पटेल कर रही है। कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित करते हुए उक्त जानकारी संस्कार भारती रायपुर के अध्यक्ष डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने दी।

# ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमिशनिंग कार्य शुरू

■ **कलेक्टर ने कमिशनिंग कार्य का किया अवलोकन**

**राजनांदगांव 28 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम में प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम पहुंचकर कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी 7 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार सिलिंग का कार्य पूरा किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगढ़ श्री गिरिश रामटेके, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव श्री अश्वन पुसाम सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# किसानों की कर्ज माफी से बीजेपी के पेट में दर्द होता हैः चुम्मन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 28 अक्टूबर।** राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कांग्रेस छत्तीसगढ़ को लूटने वालों से लड़ाई लड़ रही है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता तय कर चुकी है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हाथ में देना है। महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी किसानों का कर्ज माफ करते हैं तो बीजेपी के पेट में दर्द होता है, जबकि मोदी जी ने साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया, किसी ने सवाल नहीं खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यदि गलती से भी बीजेपी की सरकार आ गई तो छत्तीसगढ़ के खदान, प्लांट, रेल, एयरपोर्ट सब निजी हाथों में बेच दिया जाएगा। कांग्रेस की लड़ाई हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भीषण संघर्ष के कारण 15 साल तक सरकार में रहने के बाद भी बीजेपी 15 सीटों पर सिमट गई। बीजेपी अभी तक हार के सदमे से उबर नहीं पाई है।



छत्तीसगढ़ में इतनी बुरी हार किसी राजनीतिक दल की कभी नहीं हुई। प्रदेश में सबसे बड़े भ्रष्टाचारी तो रमन सिंह हैं, जिन्होंने चिटफंड कंपनी के पैसे खाए, नान घोटाला, चावल घोटाला किया। यहां तक कि टिफिन, चप्पल, मोबाइल वितरण तक में घोटाला किया। राजनांदगांव में उनके नामांकन में आए गृहमंत्री अमित शाह भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाने की बात कह रहे थे जबकि रमन सिंह उनके बगल में ही खड़े थे। छत्तीसगढ़ की जनता अब भाजपाइयों के बहकावे में आने वाली नहीं है। भाजपा की हालत बहुत खराब है इस विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना पिछला 2018 का प्रदर्शन फिर से दोहराएगी आएगी।

# यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 अक्टूबर।** एसपी के निर्देशन में आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में बॉर्डर एरिया और शहरों में बैरियर एवं चेकपोस्ट लगाकर सुरक्षा अभियान के तहत आने-जाने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों का किया जा रहा है चेकिंग। बिना नंबर प्लेट के 76 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 101 प्रकरण, शैलेन्सर का नही होने वाले 01 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश नही करने वाले के 60 प्रकरण, तीन सवारी के 64 प्रकरण, हेड लाइट का आधा काला नही होने के 05 प्रकरण, हेड़ लाईट नही होने के 01 प्रकरण, आदेश का अव्हेला करने वाले 07 प्रकरण, ब्लैक फिल्म 02 प्रकरण, बिना सिट बेल्ट के 01 प्रकरण, माल वाहन में सवारी ढोने के 03 प्रकरण, नो पार्किंग के 02 प्रकरण, बिना हेलमेट के 01 प्रकरण, रंगीन नंबर प्लेट के 05 प्रकरणों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से वाहनों पर नंबर प्लेट में पद/नाम लिखे व रंगीन नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म, प्रेशर हॉर्न, तीन सवारी, वाहनों का कागजात नही होना, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चालाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों पर लगातार वाहनों की चेकिंग करने हेतु आदेश दिया गया था। जिस पर दिनांक 26.10.2023 को थाना लालबाग पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के 01 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 08 प्रकरण, ओपी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 03 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश न करने वालों के विरूद्ध 04 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा बिना नं प्लेट के 02 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 04 प्रकरण, तीन सवारी के 08 प्रकरण, बोरतलाव पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 02 प्रकरण, बागनदी पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के 01 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 08 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश नही करने वाले 03 प्रकरण, हेड लाईट का आधा काला नही होना के 05 प्रकरण, आदेश का अव्हेलाना करने का 01 प्रकरण, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 02 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश नही करने वाले के 06 प्रकरण, तीन सवारी वाले 01 प्रकरण, रंगीन नंबर प्लेट के 05 प्रकरण, ओपी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 03 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश नही करने वाले के 04 प्रकरण, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के 04 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 02 प्रकरण मौके पर कागजात पेश नही करने वालों के 02 प्रकरण, आदेश का अव्हेला करने वाले के 03 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 01 प्रकरण, तीन सवारी के 08 प्रकरण, बीना सिट बेल्ट के 05 प्रकरण, यातायात शाखा रानांदगांव द्वारा बिना नंबर प्लेट के 68 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 60 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश नही करने वाले के 40 प्रकरण, तीन सवारी के 47 प्रकरण, आदेश के आव्हेला करने वाले के 02 पकरण, ब्लैक फिल्म के 02 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट के 01 प्रकरण, नो पार्किंग के 02 प्रकरण, रिफ्टर नही लगाने वाले 01 प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।

## महिला आरक्षण भाजपा सरकार का क्रांतिकारी कदमः देवकुमारी साहू

**राजनांदगांव 28 अक्टूबर।** भाजपा ग्रामीण महिला मंडल इन दिनों प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह को विजयी बनाने के लिये जबरदस्त मैदानी अभियान में व्यस्त है। जिला भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री देवकुमारी साहू अलसुबह से ही देर रात तक महिला कार्यकर्ताओं के साथ गॉव-गॉव में घूमकर कही बैठकें, कही सभाएं तो कही जनसम्पर्क अभियान करने में अपनी ऊर्जा झोंक रही है। श्रीमती साहू के नेतृत्व में पिछले एक सप्ताह में ग्रामीण महिला मोर्चा ने तकरीबन दो दर्जन ग्रामों में दस्तक देकर पार्टी के पक्ष में जोरदार अभियान चलाया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान बैठकों व जनसंवाद के माध्यम से श्रीमती देवकुमारी ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार के राज में महिलाओं की स्थिति सर्वाधिक कठिन है, भूपेश सरकार के पास महिलाओं के विकास का कोई विजन और योजना नहीं है, जबकि देश की मोदी सरकार ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम उठाया है।

## जुलूसे गौसिया का जगह-जगह स्वागत

**रायपुर 28 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ गौमुल आजम कमेटी बैजनाथपारा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जुलूसे गौसिया विशाल पैमाने पर महबूबिया



चौक बैजनाथपारा से प्रारंभ हुआ जो शहर के विभिन्न मार्गो दरगाहों से होता हुआ सीरत मैदान बैजनाथपारा पहुंचा जहां हजरत मूसा निजामी दीवान दरगाह हजरत महबूबे इलाही दिल्ली ने परचम कुशाई की रस्म अदा की। काजीए शहर हजरत मौलाना मो. अली फारूकी ने गौस पाक की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गौसुल आजम एवार्ड 5000/- (पांच हजार रू.) हाजी अली इमाम साहब को दिया गया एवं मोफक्रिरे इस्लाम एवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु डॉ. फातिमा को दिया गया एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु डॉ. शोएब खान को दिया गया। निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम पुरूस्कार उज्मा फातिमा (गारीब नवाज स्कूल बैजनाथपारा) द्वितीय पुरूस्कार आमीना निशा (अजीज पब्लिक स्कूल, मोवा), एवं तृतीय पुरूस्कार नाजिया बानो (महन्त लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय) को दिया गया।बेहतरीन जुलूस का प्रथम पुरस्कार सुभाष नगर को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार आमानाका कोटा को दिया गया एवं तृतीय पुरस्कार रोटरी नगर को दिया गया। जुलूस में विशेष रूप से मो. फुरकान, हसरत खान, नदीम मेमन, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी, बदरूद्दीन खोखर, मौलाना एहतेशाम अली फारूकी, इकबाल शरीफ डॉ. एस. ए. रहमान, शोबी भाई, शकील चौहान, कारी इमरान अशरफी, मौलाना अ. रज्जाक, मौलाना जहीरूद्दीन, शब्बीर कुरैशी, नासिर भाई, कादिर भाई, रमीज अशरफ मोईन भाई ने संचालन में विशेष भूमिका निभाई। जुलूस के संचालन में विशेष भूमिका निभाई।

# कांग्रेस प्रत्याशी का धुंआधार प्रचार-प्रसार जारी

**राजनांदगांव 28 अक्टूबर।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ग्रामीण क्षेत्र में अपने पक्ष में जन समर्थन के लिए ग्राम सोमनी, ईरा, सांकरा, धीरी में जनसंपर्क करते हुए 15 वर्षीय अदूरदर्शी नेतृत्व के दंश की पीड़ा को सुनने के बाद कहा कि डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की चरम किस हद तक थी वह धीरी एनिकट के निर्माण से पता चलता है आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की 24 करोड़ से अधिक की राशि की योजना 42 करोड़ तक पहुंचाने के बाद भी 24 गांव की जनता को पेयजल के लिए तरसाने का काम किया जिस मुख्यमंत्री के क्षेत्र में पेयजल योजना पर इस प्रकार की भ्रष्टाचार हो और निम्न स्तर के एनिकट निर्माण के बाद उसका बह जाना पर कोई कार्यवाही ना करा कर आम जनता के साथ जो



अन्याय किया है जिसके कारण उनके उनके खुद के विधानसभा क्षेत्र के 24 गांव के लोग आज भी प्यासे हैं जिन्हें दो वक्त की पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह के राज में इस कदर भ्रष्टाचार चरम पर थी कि मुख्यमंत्री के खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी भ्रष्टाचार की गाथा वह भी पेयजल जैसे मामले में शर्मनाक और घिनौना कृत्य है जिस क्षेत्र में इंटक वेल और एनिकट बनाना था उसकी भौगोलिक स्थिति को भी ना देखकर ऐसी जगह में दोनो निर्माण किया गया कि उसका कोई औचित्य नहीं रह गया जिसके कारण इस विधानसभा की जनता पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रही है 15 वर्षीय मुख्यमंत्री स्वयं की विधानसभा क्षेत्र में सुविधा देने में नाकाम रहे वैसे नेतृत्व पर जनता भरोसा नहीं कर रही है क्योंकि भ्रष्टाचार की इंतहा ही रही की पेयजल के मामले में मुख्यमंत्री के क्षेत्र में जहां शहर में अमृत मिशन योजना में बंदर बांट हुआ वही धीरी एनिकट से ग्रामीण क्षेत्र में पानी के लिए आम जनता तरस रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, मोती साहू, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, सुदेश देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, अब्दुल कलाम, अशोक पंजवानी, नरेश डाकलिया, विवेक वासनिक, सविता ठाकुर, झम्मन देवांगन, गुरभेज माखिजा, अमित खंडेलवाल, सुनिता सिन्हा, चेतन भानुशाली, नरेश साहू, अतुल शर्मा, मानव देशमुख, पार्षद मनीष साहू, दुलारी साहू, गणेश पवार, महेश साहू, प्रभात गुप्ता, सैय्यद अफजल अली, अमित जंघेल, मुस्तफा जोया, आरबी मिश्रा, सुरेन्द्र देवांगन, दीनू साहू, हर्ष साहू, मनीष अग्रवाल, कय्यूम खान, पवन साहू, पोषण साहू, गोपी रजक, जितेन्द्र बाजपेयी, राजा साहू, सत्यम महोबिया, देवेन्द्र साहू, लोकेश यादव, हर्ष यादव, राजू, संकुल चौहान, रामनाथ निर्मलकर, गोपी रजक, संदीप सोनी, नसीम खान, कुंजलाल साहू, सीताराम सेन सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

संपादकीय

# भव्य मंदिर में विराजेंगे रामलला

हिंदुओं,सनातनियों का सदियों पुराना सपना साकार होगा 22 जनवरी को। यह तारीख वह तारीख है जिसका इंतजार देश के लोगों को बरसों से था, देश के लोग बरसों से इंतजार कर रहे थे कि कब रामलला टेंट से निकल भव्य राममंदिर में विराजेंगे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आखिर वह तारीख तय कर दी है,जिस दिन राम लला भव्य मंदिर में विराजेंगे। यह तारीख है अगले साल की 22 जनवरी। ट्रस्ट ने राम लाल की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया है। इसी के साथ देश के चार हजार संतों व ढाई हजार विभिन्न क्षेत्र के लोगों को भी इस समारोह में बुलाया गया है। यह देश का अब तक का सबसे भव्य समारोह होगा। हर कोई इसमें शामिल होना चाहेगा लेकिन सबकों न बुलाया जा सकता है, न ही सबके लिए अच्छी व्यवस्था की जा सकती है। देश के करोड़ो लोग इसे टीवी पर भी देख सकते हैं। पीएम मोदी सहित जिन लोगों को इस कार्यक्रम में बुलाया गया है, यह उनका सौभाग्य है, उनके पुण्यकर्म का फल है, जो लोग टीवी पर देखेंगे वह भी सौभाग्यशाली हैं क्योंकि ऐसी घटना सदियों में एक बार होती है। देश के करोड़ों लोग सदियों में एक बार होने वाली घटना के साक्षी होंगे 22 जनवरी को। एक वक्त था जब देश के रामविरोधी लोग जो मंदिर बनने नही देना चाहते थे, जो मंदिर निर्माण में विलंब ही विलंब चाहते थे, कोर्ट में मामले को लटकाने रखने के लिए तरहतरह के उपाय किया करते थे। वह सब भाजपा व हिंदुओं का मजाक उड़ाते हुए कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। राम विरोध तमाम लोगों के मुंह पर वक्त ने 22 जनवरी के रूप में ऐसा तमाजा मारा है कि वह 22 जनवरी को कभी भूलेंगे नहीं,जब भी 22 जनवरी आएगी उन्हें याद आएका कि उन्होंने इसी राममंदिर का विरोध किया था। इस मंदिर को जब भी देखेंगे कई राजनीतिक दलों के नेताओं को अपने कुकर्म याद आएंगे और वह अपने आप से शर्मिंदा होंगे। राममंदिर का विरोध करने वाले जो कहा करते थे कि मस्जिद को तोड़क बनाए गए मंदिर में राम लला नहीं बैठेंगे। जो कहा करते थे कि विवाद को समाप्त करने के लिए विवादित जमीन पर अस्पताल बनाया जाना चाहिए, विश्वविद्यालय बनाना चाहिए. जो कहा करते थे कि राम किस जगह पैदा हुए हैं,इसका कोई सबूत नहीं है, जो कहा करते थे कि राम काल्पनिक है, राम सेतु काल्पनिक है। वह अब कहते हैं कि राम मंदिर तो देश का है, राम मंदिर तो सबका है। सब रामविरोधी जानते हैं कि राममंदिर का विरोध अब वह कर नहीं सकते हैं, इसलिए सबसे सब खुद को हिंदु खुद ही घोषित कर रहे हैं, खुद को सनातनी बता रहे है. एक वक्त उनकी सारी राजनीति राममंदिर विरोध की थी, वह सोचते थे कि राम मंदिर का विरोध करेंगें तो मुसलमानों का वोट मिलंगा. राम मंदिर बनने में रोड़े अटकाएंगे तो मुसलमानों का वोट मिलेगा। वह भूल गए कि जिस प रामकृपा होती है,उसे ही सब कुछ मिलता है। राम लला के पुजारी ने सही कहा है कि जिन पर रामलला की कृपा है वह सत्ता पर हैं और जिन्होने राम लला का सड़क पर विरोध किया वह सड़क पर है। वह सड़क पर ही रहेंगे। राम मंदिर देश के लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है, इस जगह राममंदिर बनाने के लिए देश के लोगों को सदियों संघर्ष करना पड़ा है, लाखों लोगों को कुर्बानी देनी पड़ी है। होना तो यह था कि करोड़ों हिंदुओं के आस्था केंद्र आपसी बात कर हिंदुओं को सौंप दिया जाता लेकिन रामविरोधियों ने ऐसा होने नहीं दिया। अदालत में नहीं होने दिया और अदालत के बाहर भी नहीं होने दिया। लेकिन होता वही है जो रामजी चाहते हैं। राम जी चाहते थे राम मंदिर रामभक्त पीएम.,सीएम व सरकार के समय बने तो राम मंदिर बन रहा है। यह आने वाले दिनों में देश का प्रमुख तीर्थस्थल होगा तथा हर साल करोड़ों लोग राम लला के दर्शन को आएंगे। वह सब लोग सोभाग्यशाली हैं जिन्होंने रामलला के मंदिर को बनते देखा, विराजमान होते देखा।

# वाह रे प्याज! अब आंसुओं के सरताज

प्रासंगिक

किशन सनमुखदास भावनानी



**सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून के देरी से आने के कारण खरीफ की बुआई में देरी हुई।यही कारण रहा है कि प्याज समेत अन्य जरूरी सब्जियों की औसत खुदरा कीमत एक महीने पहले के 25 रुपये की तुलना में बढ़कर 30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।**

भारत में नवरात्र के 9 दिन धूमधाम से चलने वाले इस महापर्व में ज्यादातर हिंदू परिवारों में इन दिनों में व्रत रखे जाते हैं और प्याज लहसुन आदि कुछ सब्जियों व वस्तुओं का सेवन नहीं किया जाता जिसके कारण इनके दाम कम हो जाते हैं या स्थिर रहते हैं,क्योंकि इनकाइस्तेमाल नहीं होने से खपत बहुत कम हो जाती है, और प्याज की कीमतें अनेको दिनों तक कम ही रहती है, परंतु इस बार नवरात्रा समाप्त होने के दूसरे दिन ही प्याज की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के साथ ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जब मैं नवरातत्रा समाप्ति के दूसरे दिन सब्जी मंडी में गया तो प्याज का भाव सुनकर स्तब्ध रह गया क्योंकि नवरात्रा के एक दिन पहले ही मैं 26 रुपए प्रति किलो के रेट से प्याज खरीदे थे, इस महंगाई का कारण मेरी समझ से परे है !सब्जी वाले से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस बार प्याज 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक तक जाने की संभावना है। हालांकि सरकार ने दिनांक 19 अगस्त 2023 को वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 47/2023 सीमाशुल्क जारी कर प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगा, क्योंकि एक जानकारी के अनुसार जनवरी-मार्च 2023 में प्याज का निर्यात 8.2 लाख टन रहा जबकि यही पिछली अवधि यानें जनवरी-मार्च 2022 में 3.8 लाख टन था। भारत में टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमीं महसूस करने को मिल जाएगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! चूंकि अभी प्याज एकाएक 60 -70 रुपए प्रति किलोग्राम हो गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी और मेरी ग्राउंड रिपोर्टिंग के आधार पर हम चर्चा करेंगे वाह प्याज ! अब आंसुओं के सरताज। साथियों बात अगर हम प्याज की महंगाई के क्रमिक रूप से बढ़ती भारी कीमतों को समझने की करें तो, टमाटर के बाद प्याज ने रुलाने की प्लानिंग शुरू कर दी है। बीते 15 दिनों में लासलगांव एपीएमसी में प्याज की थोक कीमतों में 58 फीसदी का इजाफा हो चुका है। खास बात तो ये है पिछले हफ्ते ही प्याज की कीमत में 18 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिसंबर महीने तक प्याज के दाम में तेजी देखने को मिल सकती है। दो दिन पहले तक, लासलगांव मार्केट में में प्याज की औसत कीमत 38 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो दो सप्ताह पहले 24 रुपए प्रति किलोग्राम से 58 प्रतिशत अधिक है. इससे पहले जुलाई और अगस्त के महीने में टमाटर की कीमत आसमान पर पहुंच गई थी। जिसकी वजह से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। महंगाई की वजह से सरकार के माथे पर बल पड़ने शुरू हो गए थे। अब प्याज रुलाने की तैयारी कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमतें 25-50 फीसदी तक बढ़ गई हैं। फिलहाल प्याज 60-70 रुपये किलो बिक रहा है। बुधवार को दिल्ली के साथ-साथ महाराष्ट्र के कुछ बाजारों में अच्छी क्वालिटी वाले प्याज की उच्चतम कीमत 70 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अहमदनगर में, 10 दिनों में प्याज की औसत कीमतें लगभग 35 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 55 रुपए प्रति किलो हो गई हैं। इसी तरह, महाराष्ट्र के अधिकांश प्याज उत्पादक जिलों में प्याज की थोक कीमतें अब 45 से 48 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्याज की कीमतें दिसंबर तक बढ़ने का अनुमान है, साथ ही नई खरीफ फसल के आने में भी देरी हो रही है, जो लगभग दो महीने की देरी से आने की उम्मीद है. बाजारों में प्याज की घटती आवक प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक पखवाड़े में, भंडारित प्याज की आवक में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो लगभग 400 वाहन प्रति दिन (10 टन प्रत्येक) से घटकर लगभग 250 वाहन हो गई है। साथियों बात अगर हम नई प्याज आने की करें तो, यह स्थिति बनी रहने की उम्मीद है क्योंकि खरीफ सीजन से नए लाल प्याज की आवक में लगभग दो महीने की देरी हो रही है। बता दें केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा दिया था, इसके अतिरिक्त, सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नेफेड द्वारा खरीदे गए प्याज को मौजूदा बाजार दरों से कम पर थोक बाजारों में बेचना शुरू कर दिया था। साथियों बात अगर हम प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत लगाने के कारणों की करें तो, इस साल जनवरी से मार्च 2023 की अवधि में प्याज का निर्यात असाधारण रूप से उच्च स्तरपर लगभग 8.2 लाख टन रहा है, जबकि पिछले साल इस अवधि में यह 3.8 लाख टन था।सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून के देरी से आने के कारण खरीफ की बुआई में देरी हुई।यही कारण रहा है कि प्याज समेत अन्य जरूरी सब्जियों की औसत खुदरा कीमत एक महीने पहले के 25 रुपये की तुलना में बढ़कर 30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) ने भी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से 1.50 लाख टन प्याज की खरीद की थी। इसके अलावा, प्याज की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए सरकार ने पायलट आधार पर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) की मदद से इसका विकिरण शुरू किया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2020-21 से 2023-24 के बीच उच्च खपत वाले क्षेत्रों में रबी सीजन की खरीद के कारण प्याज का वार्षिक बफर एक लाख टन से तीन लाख टन तक होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, प्याज बफर ने उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मूल्य स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत को प्याज की लगभग 65 प्रतिशत आपूर्ति रबी सीजन से प्राप्त होती है, जिसकी कटाई अप्रैल-जून के दौरान होती है और अक्टूबर-नवंबर में खरीफ फसल की कटाई होने तक उपभोक्ताओं की मांग को पूरा किया जाता है।



साथियों बात अगर हम प्याज महंगे होने के इतिहास की करें तो, प्याज के महंगे होने की कहानी कोई पहली बार की नहीं है। अगर 10 साल पीछे के प्याज कारोबार को देखें तो महंगी प्याज ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। देश की सरकारों को हिलाने के साथ ही यह भी पहला ही मौका था जब किसी सामान के महंगा होने की वजह जानने के लिए जांचआयोग बनाया गया था। हालांकि जमाखोरों और दलालों के चलते आयोग को अपना काम बीच में ही बंद करना पड़ा था। लेकिन बंद होने से पहले आयोग ने यह रिपोर्ट दे दी थी कि प्याज महंगी होने के पीछे कोई एक नहीं कई बड़ी वजह हैं. आपको बता दें कि दिल्ली समेत देशभर में रफ्तार पकड़ रही प्याज के भाव को कंट्रोल करने की कवायद का असर शायद दिखने लगा है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वाह रे प्याज ! अब आंसुओं के सरताज।किचन के बॉस प्याज ने दिखाया दम ! महंगाई का फोड़ा बम।नवरातत्रा समाप्त होते ही त्योहारों के सीजन की दस्तक में प्याज के भाव आसमान छूने लगे!

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई प्लान बनाएंगे, ये प्लान कहीं घूमने का भी हो सकता है। कारोबार में बढ़ोतरी के योग बन रहे हैं। आपका कोई प्रोजेक्ट बहुत सक्सेस होगा और अलग-अलग स्त्रोतों से आमदनी होने की संभावना बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र मेंसहकर्मियों की मदद मिलेगी। मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स को थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

वृष राशिः आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी।आपको कोई मनचाही खबर मिल सकती है, जिसका आप बहुत दिनों से इंतजार कर रहे थे। आपका एडमिशन किसी बहुत बड़े इंस्टीट्यूट में होने की संभावना बढ़ेगी। नौकरी में ट्रांसफर होने के योग हैं। कहीं लंबी दूरी की यात्रा हो सकती है। आप अपनेस्वास्थ्य को लेकर सजग रहें रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहेगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। आप नई नई योजनाएं बनाएंगे जिससे व्यापार में लाभ होगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आएगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। आपको नई नौकरी मिलने की संभावना है। जो आपके लिए फेवरेबल रहेगा। पारिवारिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपकी बहुत अच्छी बॉन्डिंग रहेगी। आपको आर्थिक मामलों में थोड़ी सतर्कता बरतनी चाहिए खर्च होने की संभावना है। व्यापार में आपकी स्थिति मजबूत होगी। आमदनी के स्त्रोत बढ़ेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। बिजनेस में अच्छे लाभ की संभावना है बेहतर सूझबूझ और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करें। योग और प्राणायाम की आदत डालें और स्वास्थ्य की जांच कराते रहें। कार्यक्षेत्र में कुछ अवरोधों के बाद उचित परिणाम मिलेंगे। आज आपकी रुचिअध्यात्म में बढ़ेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा के अच्छे परिणाम मिलेंगे मेहनत की तुलना में अच्छी सफलता हासिल होगी।

सिंह राशिः आपके लिए सफलता लाने वाला दिन है। यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपको परीक्षा में सफलता मिलने के योग हैं। साथ ही आज आपको कॉलेज की तरफ से किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिल सकता है। आज कोई फैसला आपके पक्ष में रहने वाला है, जिससे आपकी खुशी बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नेतृत्व की क्षमता बढ़ेगी जिससे आपको लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

कन्या राशिः आपके लिए आज का दिन संभावनाओं से भरा रहेगा। नौकरी में वेतन वृद्धि के साथ बदलाव की संभावना है। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार संबंधी कोई विदेश की यात्रा हो सकती जिससे आपको लाभ होगा और व्यापार में विस्तार भी होगा। यदि आप कोई वाहन खरीदना चाहते है।तो आपकी इच्छा पूरी हो सकती हैं। परिवार का पूरा सहयोग रहेगा इस दौरान किसी विरोधी से आपको समस्या हो सकती है, सावधान रहें सोच समझकर कोई फैसला लें।

तुला राशिः आज आपका दिन आपके लिए भाग्यशाली रहने वाला है। यदि आप मेकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं तो आपको अच्छे अवसर मिलने की संभावना है। आज आप अपने करीबियों के साथ वक्त बिताएंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उन्हें अभी मेहनत जारी रखनी चाहिए आपकी सफलता के जल्द ही अच्छे योग हैं। कारोबार में उतार चढ़ाव की संभावना है पैसों के उधार लेनन्देन से बचें। आज आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी।

वृश्चिक राशिः आज आपके लिए दिन फेवरेबल रहेगा। अगर आप नौकरी में अधिकारी पद के लिए प्रयास कर रहे हैं, तो आपको सफलता हासिल होगी। कोई अच्छी खबर मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए दिन अच्छा है। परीक्षा में सफलता मिलेगी। व्यापारियों के लिए आमदनी के योग हैं। आपको निवेश से लाभ होगा। यदि आप कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता मिलने की संभावना हैं।

धनु राशिः आपके लिए आज का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया है। व्यापार से जुड़े लोगों को जबरदस्त लाभ के योग हैं, आपका उत्साह बढ़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए नयी योजना बनायेंगे। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की संभावना है। लवलाइफ में नई ऊर्जा का संचार होगा। रिश्ते पहले से बेहतर होंगे और पार्टनर के साथ अच्छा समय बीतेगा। नौकरी में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं। आप जीवन में नया मुकाम हासिल करेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। नौकरी में सफलता के योग हैं। कार्यक्षेत्र में कुछ जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। जिसमें आप स्वयं को प्रूफ कर पाएंगे। आज आपको तरक्की होनी तय है। कहीं से नई नौकरी का ऑफर भी मिल सकता है। परिवार में भाई बहनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी अलग पहचान बनेगी। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। संतान सुख मिलेगा छात्रों को सजग रहने की जरूरत है, जरा सी लापरवाही से हाथ आया अवसर निकल सकता है। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। व्यापार में भरपूर लाभ होने की संभावनाएं हैं। अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे। किसी अनुभवी की सलाह भी लेंगे। नौकरी के क्षेत्र में उच्च अधिकारियों के साथ आपका अच्छा सामंजस्य रहेगा। जिससे आपको लाभ होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अपनी कार्यशैली को बेहतर बनाने की जरूरत महसूस होगी। भाई बहन के रिश्ते मजबूत होंगे। पारिवारिक जीवन में पारदर्शिता रहेगी। लव लाइफ आनंद पूर्वक बीतेगा। प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। व्यवसाय में मनचाहा लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों के लिए आय के अतिरिक्त साधन मिलेंगे। लंबे समय से आप कोई प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने के लिए सोच रहे हैं, तो आपका यह सपना पूरा हो सकता है। परिवार के साथ मिलकर आप किसी धार्मिकयात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों की मदद से कोई पुराना काम पूरा हो सकता है।

व्यंग्य

# कुल्हाड़ी की बिरादरी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



कहते हैं रिश्ते और पतंगों का ज्यादा ऊँचा उठना अच्छा नहीं होता। कटने का खतरा हमेशा बना रहता है। उसी तरह पेड़ों की घनी छाया किसी को भाए न भाए, उस पर विकास के नाम पर मिटाने का साया हमेशा मंडराता रहता है। साये के हाथ नहीं होते लेकिन हाथ वालों से ज्यादा दबोचते हैं। आज मेरा मित्र कट गया। बड़ी बेरहमी से। सत्रह साल की दोस्ती में उसने कभी अल्पविराम नहीं लगाया। स्वार्थियों के दलदल में निस्वार्थ कुसुम बनकर अपनी छटा बिखेरता रहा। आज उस पर पूर्णविराम लगा दिया गया। बताया गया कि वह विकास के आड़े आ रहा था। वहाँ मधुशाला की दुकान जो लगानी थी! पिताजी अक्सर कहा करते थे मन करे तो लिपट जाना उससे। वह क्या है न कि उसके हाथ में इंसानों की तरह कुल्हाड़ी नहीं होती। वह सिर्फ गले लगाना, प्यार बांटना और खुश रखने जैसा दुनिया का सबसे मुश्किल काम करता है। यह सब के बस की बात नहीं है।

मैं जागरूक था। मैंने वन विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगाया। मेरे मित्र के कटने की सूचना दी। वे आए । काटने वालों पर कुछ गंभीरता दिखाई। पता चला कि गंभीरता की मात्रा जितनी अधिक होती है सामने वाले की जेब उतनी ढीली होती है। मामला ले-देकर रफा-दफा हुआ। उसे टुकड़ों-टुकड़ों में काटकर मेरी आँखों के सामने से ले जाया गया। मैं देखता रह गया। आँखें छलक उठीं। जिन्हें मैं टुकड़े कह रहा था वह मेरी यादों का विशाल सागर है। उन टुकड़ों में मेरे झूले की टहनी है। बेफिक्र होकर सोने की छाया है। भूख मिटाने वाले फलों की टंगनी जैसी शाखाएँ हैं। घर पहुँचकर उसी की यादों में बहुत देर तक मेज पर सिर टिकाए सोचता रहा। अचानक से मेज बोल उठी - वह तुझसे दूर जरूर गया है, लेकिन अपनी बिरादरी के रूप में मुझे छोड़ गया है। मुझ पर रखी किताबों से अपने ज्ञान का इतना विकास करो कि पेड़ों को कटने और टुकड़े होने से बचा सको। कुछ ऐसा करो कि मैं जमीन पर नहीं लोगों के दिल पर उगूँ। तब कुल्हाड़ियाँ अपने आप हार जायेंगी।

## कैंसर से बचा सकता है चुकंदर

हेल्दी रहने के लिए हमारी डाइट में सभी जरूरी पोषक तत्वों का होना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि डॉक्टर्स और विशेषज्ञ भी लोगों को हेल्दी और संतुलित डाइट लेने की सलाह देते हैं। एक हेल्दी डाइट में कई सब्जियां और फल शामिल होते हैं, जो सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। चुकंदर इन्हीं में से एक है, जो शरीर में खून की कमी दूर करने के लिए जाना जाता है। पोषक तत्वों से भरपूर चुकंदर को खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। यही वजह है कि लोग अक्सर इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। हालांकि, इसे रोज एक ही तरह से खाना कई बार काफी बोरिंग हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको न सिर्फ चुकंदर के फायदों के बारे में बताएंगे,

**चुकंदर का सलाद**-आप चुकंदर को सलाद के रूप में अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। इसके लिए कद्दूकस किए कच्चे चुकंदर को बेबी पालक, क्रम्बल फेटा चीज, अखरोट और बाल्समिक विनिगेट जैसी सामग्रियों के साथ मिलाकर सलाद बना सकते हैं।

**चुकंदर की स्मूदी**-छिलके वाले पके चुकंदर से आप अपने लिए स्वादिष्ट स्मूदी बना सकते हैं। इसे सुबह पीने से आपको भरपूर पोषण मिलेगा। चुकंदर की स्मूदी बनाने के लिए आप इसमें अन्य फल जैसे जामुन, केले, शहद, ग्रीक दही आदि भी मिला सकते हैं।

स्वास्थ्य

प्रियंका सौरभ

# लूट-खसोट का केंद्र बनते निजी अस्पताल



**हमारे देश के करीबन पचहत्तर प्रतिशत अस्पताल निजी क्षेत्र में हैं। मात्र पच्चीस प्रतिशत अस्पताल सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं, जिनमें भी अधिकतर अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स एवं गुणवत्ता वाले चिकित्सीय संसाधनों का अभाव रहता है। ऐसे में सुविधा एवं संसाधनों से परिपूर्ण निजी अस्पतालों की मनमानी स्वाभाविक है। इनकी मनमानी भरे रवैये पर नकेल कसने के लिए सरकार को निजी अस्पतालों में हो रही सारी जांचों, उपलब्ध दवाइयों, सर्जरी, परामर्श तथा हो रहे हर प्रकार के इलाज के लिए दरें तय कर देनी चाहिए। निजी अस्पतालों में उपलब्ध आईसीयू बेड, वेंटिलेटर इत्यादी सुविधाओं की यथास्थिति ऑनलाइन होनी चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन करने पर निजी अस्पताल पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ-साथ सरकार को सरकारी अस्पतालों की संख्या, वहां पर डॉक्टरों, नर्सों एवं आधुनिक संसाधनों में वृद्धि पर ध्यान देना चाहिए। निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की फीस भी निर्धारित की जानी चाहिए, वे कोई दूसरे ग्रह से नहीं आए हैं। हालत यह है कि आजकल कुछ डॉक्टर तो तत्काल टिकट की तरह तत्काल मरीजों को देखने की तीन गुनी फीस लेते हैं।**

हमारे यहां सारे निजी अस्पतालों में सरकारी आदेशों की अनदेखी करना और मनमानी रकम वसूल करना एक आम सी बात है। शीर्ष सरकारी अफसरों और निजी अस्पतालों के मालिकों की सांठगांठ से सारे कायदे-कानून ताक पर रख दिए जाते है और जनता को भ्रमित करने के लिए नेताओं द्वारा प्राइवेट अस्पतालों की लूट खसोट का रोना शुरू कर दिया जाता है जबकि पक्ष-विपक्ष के नेताओं को अंदर का सारा खेल पता होता है। आरोप-प्रत्यारोप से असल मुद्दे को भटकाने की सस्ती राजनीति का ही परिणाम है जो आज निजी अस्पताल लूट खसोट का केंद्र है। सरकार अपनी चिकित्सा सेवाओं की बेहतरी के लिए हर बजट में करोड़ों रुपयों आवंटित करती है, फिर भी प्राइवेट अस्पतालों के आगे सरकारी अस्पताल उन्नीस ही दिखाई पड़ते है। अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता अमरीका के कैनेथ एरो ने 1963 में ही चेतावनी दे दी थी कि स्वास्थ्य सेवा को बाजार के हवाले कर देना आम लोगों के लिए घातक साबित होगा। इस चेतावनी का दुनियाभर में जो भी असर हुआ हो, लेकिन हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र उद्योग में तब्दील हो गया। यह क्या और कैसे-कैसे गुल खिला रहा है, इससे जुड़े समाचार आए दिन सामने आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों का नहीं मिलना और जांच मशीनों का अभाव सामान्य बात है। इन सभी कारणों से मरीज निजी अस्पतालों में जाते हैं, जहां उनका आर्थिक शोषण किया जाता है। निजी अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज व सर्व सुविधा तत्काल नहीं मिलना भी इसका बहुत बड़ा कारण है।

निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से तगड़ी फीस वसूली जाती है और मिल-बांटकर खाने के इस खेल में कई लोग शामिल होने से इस मनमानी पर रोक नहीं लग पाती है। बेचारा मरीज मजबूर है, क्योंकि उसे लगता है कि निजी अस्पतालों में ही सही इलाज होता है। निजी अस्पताल प्राइवेट कारपोरेट कंपनियों की तरह चलाए जा रहे हैं। समाज की सेवा करने के बजाय इनका मकसद सिर्फ मुनाफा कमाना है। निजी अस्पताल लाभ को महत्व देते हैं। आम तौर पर इनके मालिकों का प्रभावशाली नेताओं से सीधा संबंध होता है। ऐसे में ये बिना किसी डर के मनमाने तरीके से अस्पताल चलाते हैं। एक ओर सरकारी अस्पतालों की खस्ताहाल व्यवस्थाओं की तस्वीरें आती रहती है, वहीं दूसरी ओर निजी अस्पतालों के तथाकथित सर्वसुविधा युक्त व्यवस्थाओं के नाम पर लूट खसोट की कहानी भी रोज उजागर होती रहती है। निजी अस्पतालों में बेहतर इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली आम है। निजी अस्पताल सरकारी दांवपेच से बचना जानते हैं। समाज सेवा व सीएसआर के नाम पर दी जाने वाली राशि से ये अपनी छवि धूमिल होने से बचा लेते है। निजी अस्पतालों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगने का प्रमुख कारण सरकारी कारिंदों की मिलीभगत का होना है । रक्षक ही जब भक्षक बन जाते हैं तो सभी जनहित की योजनाओं का धरातल पर उतरना मुश्किल हो जाता है । चिरंजीवी योजना बेहतर योजना है किंतु निजी अस्पतालों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह भी कारगर नहीं हो पाएगी। निर्दोष जनता को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है।

जिस प्रकार डॉक्टर यूनियन या कर्मचारी यूनियन होती है, उसी प्रकार पेशेंट यूनियन दबाव समूह के रूप में बनाई जाए। इस यूनियन में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो। इसके अलावा निजी अस्पतालों के खिलाफ अव्यवस्था व लापरवाही मिलने पर त्वरित कार्रवाई की कोशिश की जाए। लापरवाह डॉक्टर तथा स्टाफ के लाइसेंस जब्त होने चाहिए। उनके नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए, ताकि दूसरे भी सीख लें। निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की फीस भी निर्धारित की जानी चाहिए, वे कोई दूसरे ग्रह से नहीं आए हैं। हालत यह है कि आजकल कुछ डॉक्टर तो तत्काल टिकट की तरह तत्काल मरीजों को देखने की तीन गुनी फीस लेते हैं। निजी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण भोजन के नाम पर मरीजों को बेवक़ूफ़ बनाया जाता है। जूस के नाम पर प्रिजर्वेटिव्स जूस और नाश्ते के नाम पर फास्ट फूड देते हैं। प्रशिक्षित स्टाफ भी नहीं रहता इन अस्पतालों में, ना ही उपकरणों की सुध लेने वाला कोई है। सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा है। इन अस्पतालों में शिकायत पेटिका होनी चाहिए। साथ ही इनको आरटीआइ के दायरे में लाया जाना चाहिए। निजी अस्पतालों के लिए लोकायुक्त जैसे पद सृजित किए जा सकते हैं, जो शिकायत मिलने पर कार्रवाई करें। सरकारों को निजी अस्पतालों को अपने अधीन कर लेना चाहिए। सरकार को एक विधेयक यह भी लाना चाहिए कि किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में मरीज यदि मर जाता है तो उसका सारा मेडिकल बिल माफ कर दिया जाएगा। इससे निजी अस्पताल इलाज में लापरवाही नहीं करेंगे।

हमारे देश के करीबन पचहत्तर प्रतिशत अस्पताल निजी क्षेत्र में हैं। मात्र पच्चीस प्रतिशत अस्पताल सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं, जिनमें भी अधिकतर अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स एवं गुणवत्ता वाले चिकित्सीय संसाधनों का अभाव रहता है। ऐसे में सुविधा एवं संसाधनों से परिपूर्ण निजी अस्पतालों की मनमानी स्वाभाविक है। इनकी मनमानी भरे रवैये पर नकेल कसने के लिए सरकार को निजी अस्पतालों में हो रही सारी जांचों, उपलब्ध दवाइयों, सर्जरी, परामर्श तथा हो रहे हर प्रकार के इलाज के लिए दरें तय कर देनी चाहिए। निजी अस्पतालों में उपलब्ध आईसीयू बेड, वेंटिलेटर इत्यादी सुविधाओं की यथास्थिति ऑनलाइन होनी चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन करने पर निजी अस्पताल पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ-साथ सरकार को सरकारी अस्पतालों की संख्या, वहां पर डॉक्टरों, नर्सों एवं आधुनिक संसाधनों में वृद्धि पर ध्यान देना चाहिए। सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों की भी मरीजों के इलाज में अहम भूमिका होती है। माना की निजी अस्पताल शीघ्र व अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ मरीजों का इलाज करने में सक्षम होते हैं, किंतु मरीजों को राहत देने के स्थान पर मनमाना शुल्क वसूल करना इंसानियत और चिकित्सा कर्म के विरुद्ध है। सरकार को ऐसे अस्पतालों की शिकायत मिलने पर सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए जनहित में चिकित्सा मान्यता रद्द कर देनी चाहिए। साथ ही कठोर से कठोर सजा भी दी जानी चाहिए । यह भी ध्यान रखें कि सरकारी कारिंदे निजी अस्पतालों को बिना वजह परेशान न करें।

## एक नजर

### नक्सलियों ने किया विधानसभा चुनाव का विरोध

**सुकमा 28 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के बीच नक्सलियों द्वारा चुनाव का विरोध! चुनाव का बहिष्कार करने लोगों से की अपील। चिंतलनार पोलिंग बूथ के सामने नक्सलियों ने लगाया विधानसभा चुनाव के विरोध में पोस्टर। पोस्टर में नक्सलियों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने लोगों से की अपील। नक्सलियों की दक्षिण बस्तर सब जोनल ब्यूरो ने लगाया पोस्टर। नक्सल प्रभावित इलाकों में लंबे समय से चुनौती रहा है मतदान।

### माइक्रो आब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर।** आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माइक्रो आब्जरवर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स श्री आलोक सोनवानी ने माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिये ईव्हीएम हैंड्स आन सहित मतदान प्रक्रिया की हरेक पहलुओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, माकपोल, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्ति के पश्चात के सभी कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण को जरूरी बताते हुए माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ की हर गतिविधियों की निगरानी रखने सहित रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जरवर्स सीधे तौर पर आब्जर्वर को रिपोर्ट करते हैं। अतः इसके लिए किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन के लिये मोबाइल पर सम्पर्क अथवा संदेश भेजा जा सकता है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री हिमाचल साहू, रिटर्निंग ऑफिसर श्री शिवनाथ बघेल सहित 100 माइक्रो आब्जरवर्स एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कैम्पस एक्टिव वियर ने में खोला दो एक्सक्लूसिव रीटेल स्टोर

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने सिटी सेंटर मॉल और अंबुजा मॉल, रायपुर में अपने दो एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर का लॉन्च किया है। 534 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैले सिटी सेंटर मॉल स्टोर का लॉन्च शॉप नंबर-119, पहला मंजिल, सिटी सेंटर मॉल, देवेंद्र नगर, पंड्री, रायपुर (सीजी)- 492001, में और 493 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैले अंबुजा मॉल स्टोर का लॉन्च शॉप नंबर- 0112, पहला मंजिल, अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, विधान सभा रोड, रायपुर (सीजी)- 492007, में किया गया। दोनों स्टोर में उच्च गुणवत्ता के फैशनेबल एवं किफ़ायती फुटवियर्स की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी। ब्राण्ड ने उपभोक्ताओं को फैशनेबल फुटवियर उपलब्ध कराने तथा मल्टी-चैनल सेल्स दृष्टिकोण के तहत इस आउटलेट का लॉन्च किया है, जो उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नए लॉन्च किए गए आउटलेट में कैम्पस एक्टिववियर की ओजीज़, नाइट्रो फ्लाय और नाइट्रो बूस्ट फुटवियर रेंज उपलब्ध होगी, जो उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगी। ढेरों विकल्पों के साथ यह स्टोर उनकी एथलेटिक एवं फैशन संबंधी सभी ज़रूरतों को पूरा करेगा, आउटलेट में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। भव्य उद्घाटन के अवसर पर कैम्पस एक्टिववियर एक स्पेशल ऑफर भी लेकर आया है जिसके तहत रु 3499 और इससे अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ता स्टाइलिश बैकपैक बिल्कुल मुफ्त पा सकेंगे। यह पहल उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने की कैम्पस एक्टिववियर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आचार संहिता का पालन करें : पुलिस प्रेक्षक

## पुलिस एवं व्यय प्रेक्षक ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर।** आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में पुलिस प्रेक्षक श्री डॉ. राघवेन्द्र कुमार (आईपीएस) एवं व्यय प्रेक्षक श्री रविराज खोगारे (आईआरएस) की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक आहूत की गई थी। बैठक में पुलिस प्रेक्षक ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सभी राजनैतिक दलों से आदर्श आचरण संहिता का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन कराना निवार्चन आयोग का उद्देश्य है और इसके के लिए आदर्श आचरण संहिता का पालन करना सभी राजनैतिक दलों का कर्तव्य है और इस परिपेक्ष्य में अगर कुछ समस्याएं हैं तो इसके लिए तत्काल अवगत करावें। इसके साथ ही व्यय प्रेक्षक ने भी राजनैतिक दलों के निवार्चन व्यय के संबंध में दिशा निर्देश को इंगित करते हुए कहा कि चुनावी संबंधी समस्त व्यय राशि भुगतान उम्मीदवार के खाते से ही की जानी है। इसके अलावा पैड न्यूज संबंधित समस्त व्यय को स्पष्ट रूप से दर्शाए ताकि उम्मीदवार के चुनावी व्यय में इसे जोड़ा जा सकें। बैठक में कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार द्वारा इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट, पोस्टल बैलेट, सुविधा एप, मतदान दलों का प्रशिक्षण, स्थैतिक दलों द्वारा निगरानी, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वाहनों के अधिग्रहण, मतदान दलों की रवानगी, वेब कास्टिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन निष्पक्ष, निडर एवं पारदर्शी निवार्चन कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने निवार्चन में सुरक्षा संबंधी बिंदुओं पर फोकस करते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार करने हेतु जाने की पूर्व सूचना पुलिस प्रशासन को अनिवार्य रूप से देवें। साथ ही सुरक्षा कारणों से इसकी अनुमति न दिए जाने पर इसके निर्देशों का अमल अवश्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्णा कुमार चन्द्राकर, संयुक्त कलेक्टर श्री हिमाचंल साहू, रिटर्निंग ऑफिसर श्री शिवनाथ बघेल, सहित अन्य निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नक्सली गतिविधियों का विरोध कर लोकतंत्र को मजबूत करें: फारूख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 28 अक्टूबर।** नक्सलियों द्वारा पर्चे बैनर के ज़रिये चुनाव बहिष्कार का जवाब देते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाज सेवी फ़ारूख अली ने कहा के नक्सली घबरा गये की अंदूरूनी इलाक़ों मे ग्रामीण इस बार चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित है क्यों की बस्तर मे इस बार वोटिंग का प्रतिशत बढ़ेगा,अंदूरूनी गावों मे कैंपों के निर्माण के बाद ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर रहे हैं इस बात से नक्सली परेशान हो गये हैं,फ़ारूख ने आगे कहा नक्सलियों को डर सता रहा है के ग्रामीण लोकतंत्र को मज़बूत करने इस बार ज़्यादा से ज़्यादा मतदान करेंगे जिसका सीधा मतलब होगा नक्सलियों की हार इससे नक्सली घबरा गये।

फ़ारूख ने कहा नक्सली कहते हैं व्यकल्पिक नक्सलियों की जनताना सरकार को मज़बूत करें मेरा सवाल नक्सलियों से है के जनताना सरकार से नक्सली क्या जनता के लिए अस्पताल बनवायेंगे,क्या स्कूल भवन बनाकर बच्चों को उच्च शिक्षा देंगे?क्या अंदूरूनी गाँवों मे सड़क पुलिया निर्माण करवायेंगे? क्या नक्सलियों की जनताना सरकार ग्रामीणों के लिए सारी मूलभूत सुविधाएँ मुहैया करवायेगी?क्या नक्सली किसानों का धान ख़रीदेगी क्या नक्सली किसानों का क़र्ज़ा माफ़ करेंगे? नक्सली तो खुद ग़रीब आदिवासियों के पास अन्न छीन कर खाते हैं ग़रीब ग्रामीणों से उगाही करते हैं । फ़ारूख अली ने जनता से अपील करते हुए कहा के नक्सलियों के मंसूबों को समझें और उनके नापाक मंसूबों को विफल करें,लोकतंत्र को मजबूत करें इस बार ज़्यादा से ज़्यादा मतदान करें।

# बस्तर के मतदान केंद्रों के भवनों, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्ताव का अनुमोदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के भवन, स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 7 भवन परिवर्तन,5 स्थल परिवर्तन और 20 नाम परिवर्तन साथ ही आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र (बस्तर जिले के अंतर्गत) के 6 नाम परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में बस्तर-85 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-169 तुंगापाल को पूर्व माध्यमिक शाला तुंगपाल,मतदान केंद्र क्रमांक -212 बेलगाँव को माध्यमिक शाला बेलगाँव, जगदलपुर-86 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-58 कुम्हली को माध्यमिक शाला कुम्हली, मतदान केंद्र क्रमांक-210 मांझीगुड़ा को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मांझीगुड़ा,मतदान केंद्र क्रमांक-232 मंगनार को हायर सेकंडरी स्कूल मंगनार नेगानार,मतदान केंद्र क्रमांक-235 तीरथगढ़ को शासकीय हाई स्कूल तीरथगढ़ और चित्रकोट-87 विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-104 कोरंगाली को उच्च प्राथमिक शाला कोरंगाली किया गया है। इसी प्रकार मतदान केंद्र के स्थल परिवर्तन में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक-172 मसगाँव का पूर्व माध्यमिक शाला सरगीपाल, विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक-221 चिंगपाल-02 का माध्यमिक शाला मांझीगुड़ा (चिंगपाल), मतदान केंद्र क्रमांक-229 लेंड्रा-02 का उच्च प्राथमिक शाला लेंड्रा, मतदान केंद्र क्रमांक-240 एलेंगनार का प्राथमिक शाला झीरम कक्ष क्र.-02 और विधानसभा क्षेत्र- 87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक-218 करका का पंचायत भवन करका किया गया है।

इसके अलावा मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन के तहत विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 67 बागमोहलई कोरागुड़ा का प्राथमिक शाला कोसमयागुड़ा बागमोहलई, मतदान केंद्र क्रमांक 88 बड़े चकवा 2 का प्राथमिक शाला कुरलुगुड़ा, मतदान केंद्र क्रमांक-125 टिकरालाहंगा का उच्च प्राथमिक शाला टिकरालोहंगा,मतदान केंद्र क्रमांक-138 मोंगरापाल-2 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोंगरापाल, मतदान केंद्र क्रमांक-175 राजनगर 03 का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजनगर,मतदान केंद्र क्रमांक- 209 चितालूर का कनिष्ठ प्राथमिक शाला चितालूर, मतदान केंद्र क्रमांक-140 चोलनार 2 का उच्च प्राथमिक शाला नवीन चोलनार किया गया है। विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक-11 बालीकोंटा का उच्च प्राथमिक शाला बलिकोन्टा,मतदान केंद्र क्रमांक-16 धरमपुरा 04 का उच्च प्राथमिक शाला धरमपुरा-1 ग्रामीण, मतदान केंद्र क्रमांक-23 गरावंडकला का प्राथमिक शाला बड़ेगारावंड,मतदान केंद्र क्रमांक-71 आड़ावाल-03 का प्राथमिक शाला नयापारा आड़ावाल, मतदान केंद्र क्रमांक-95 फ्रेजरपुर- 07 का कार्यालय इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण मौसम विज्ञान जगदलपुर, मतदान केंद्र क्रमांक-175 परपा-02 का समग्र शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा पंडरीपानी मावलीगुड़ा, मतदान केंद्र क्रमांक-176 पंडरीपानी-1 का उच्च प्राथमिक शाला पामेला,मतदान केंद्र क्रमांक-179 बिरिंगपाल का उच्च प्राथमिक शाला बिरिंगपाल पटेलपारा, मतदान केंद्र क्रमांक-224 महकापाल का बालक आश्रम शाला महकापाल और मतदान केंद्र क्रमांक-226 सेड़वा का उच्च प्राथमिक शाला सेड़वा किया गया है।विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन तहत मतदान केंद्र क्रमांक-216 छिंदावाड़ा का माध्यमिक शाला छिंदावाड़ा,मतदान केंद्र क्रमांक-217 छिंदावाड़ा -03 का माध्यमिक शाला रामपाल छिंदावाड़ा, मतदान केंद्र क्रमांक-226 कुकनार-2 का प्राथमिक शाला भण्डाररास अतिरिक्त कक्ष में किया गया। इसके अलावा आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्तर जिले के मतदान केंद्र-210 भानपुरी-1 को प्राथमिक पाठशाला बड़ेपारा,मतदान केंद्र-211 भानपुरी-2 को प्राथमिक पाठशाला फरसागुड़ा भानपुरी, मतदान केंद्र-212 भानपुरी-3 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फरसागुड़ा,मतदान केंद्र-237 नंदपुरा (अमलीगुड़ा) को प्राथमिक शाला अमलीगुड़ा, मतदान केंद्र-260 राजपुर-2 को प्राथमिक शाला राजपुर-2 और मतदान केंद्र-264 सोनारपाल -2 माध्यमिक शाला बंजारापारा सोनारपाल किया गया।

# पुरंदर ने किया युवाओं से संवाद



**रायपुर 28 अक्टूबर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक भाई शंकर साहू के निवास जवाहर नगर में रखी गई इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की कार्य योजना को लेकर उत्तर विधानसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री पुरन्दर मिश्रा ने युवाओं से संवाद किया एवम सभी युवा साथियों ने इस बार उत्तर विधानसभा मैं कमल खिलाने का संकल्प लिया।

उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की घोषणा अध्यक्ष नंधन जैन भारतीय जनता पार्टी उत्तर विधानसभा के संयोजक नलनीश टोकने भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य गुंजन मनोज प्रजापति जी भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी जिले के कोषाध्यक्ष सामान्य गोविंद गुप्ता भारतीय जनता पार्टी जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संतोष साहू भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चन्द्रेश साहू भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अवतार सिंह बघेल जी वरिष्ठ समाज सेवक रमाकांत साहू भारतीय जनता युवा मोर्चा जिले के महामंत्री भाई अर्पित सूर्यवंशी भारतीय जनता युवा मोर्चा जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष भाई भारत कुण्डेय भारतीय जनता युवा भाजयुमो फाफाडीह मंडल के अध्यक्ष भाई योगी साहू भारतीय जनता युवा मोर्चा तेली बांधा मंडल भाजयूमो के अध्यक्ष भाई जितेंद्र साहू भारतीय जनता युवा मोर्चा शंकर नगर मंडल के अध्यक्ष भाई राजेश टांडी एवं जिले के पदाधिकारी मंडल के महामंत्री एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। यह जानकारी भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष आशीष आहूजा ने दी है।

## समाचार संक्षेप

### ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमिशनिंग कार्य शुरू



**सुकमा 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र कोंटा में उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, कुम्हाररास सुकमा के स्ट्रांग रूम में प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस ने आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, कुम्हाररास सुकमा कमिशनिंग कार्य का अवलोकन किया । विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी 7 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के सिलिंग का कार्य पूरा किया जा रहा है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा, आरओ श्री श्रीकांत कोराम, एआरओ श्री अजय मोडियम, अभियंता श्री अनिल राठौर सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने बनाई मनमोहक रंगोली

**दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जिले के शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम से जुड़कर मतदाता जागरूकता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इसी क्रम में कन्या आश्रम शाला सोनकूपारा मड़से संकुल केन्द्र मड़से में रंगोली, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आश्रम की उत्साही छात्राओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी मनमोहक रंगोली, चित्रकला एवं पोस्टर बनाकर लोगों के समक्ष अपनी कला का प्रदर्शन किया। आश्रम के छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि भारत एक लोकतंत्रात्मक देश है एवं निर्वाचन उसकी जननी है। मतदान केवल अपना मत देना नहीं बल्कि आने वाले भविष्य के प्रतिनिधि को चुनना भी है जो क्षेत्र के विकास को गति देगें यह उनके चुनाव करने का सुअवसर है। इसके साथ ही ग्राम रोजें एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर के पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।



### वरिष्ठ मतदाता घसियाराम वर्ष 1953 से लगातार कर रहे मतदान

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की गई है। इसी क्रम में आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए, उनके घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। जिले के वरिष्ठजन भी उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में मताधिकार का प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे ही एक वरिष्ठ मतदाता जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोयलीबेड़ा इलाके के ग्राम मरकानार निवासी 88 वर्षीय श्री घसियाराम चक्रधारी हैं, जिन्होंने आज शारीरिक रूप से कमजोर होने के कारण घर पर ही डाक मत पत्र के माध्यम से अपना वोट देकर युवा मतदाताओं के सामने एक मिसाल प्रस्तुत किया है। श्री घसियाराम ने बताया कि वे वर्ष 1953 से अब तक सभी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में मतदान करते आ रहे हैं और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। श्री चक्रधारी लगातार हर निर्वाचन में मतदान कर सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने और लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की अनिवार्य सहभागिता का संदेश भी दिया है।



## कैट पदाधिकारियों ने व्यापार में आ रही कठनाईयों के सम्बन्ध में चर्चा की : अमर पारवानी

# कैट ने किया शत-प्रतिशत मतदान करने व्यापारियों से आग्रह

**रायपुर 28 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि बताया कि आज दोपहर 12ःबजे जूम मिटिंग के माध्यम से कैट के पदाधिकारियों का त्योहारी सीजन एवं चुनाव के मद्देनजर व्यापार में आ रही कठनाईयों के सम्बन्ध में चर्चा एवं कैट द्वारा प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान कैसे हो पर चर्चा हुई। मिटिंग में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी जुडे रहे।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि प्रदेश में में 7 एवं 17 नवम्बर 2023 को विधानसभा चुनाव होने वाले है। विधानसभा के चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रदेश में शहर विभिन्न चौक चौराहो पर चेक पोस्ट बनाकर वाहनो की जांच की रही। जिससे किसी भी गाड़ी में कैश मिलने पर पुलिस उस रकम को जब्त कर आवश्यक दस्तावेज की मांग की जा रही है। व्यापारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज दिखाने पर भी उन्हे अनावश्यक परेशानीयों का सामना करना पड रहा है। सराफा व्यापारियों को सोने चांदी लाने ले जाने पर व्यापारियों से ई-वे बिल की मांग की जा रही हैं। जिले या अन्य जिले या अन्य राज्य के भीतर सोने की आवाजाही के मामले में। ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं। यदि माल एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होता है और केवल 15 वस्तुओं पर लागू होता है जो अधिसूचना में उल्लिखित है। ई-वे बिल जरूरी होगा।



श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे बताया कि इस सम्बंध विगत दिनों का कैट का एक प्रतिनिधी मंडल मुख्य चुनाव पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले से मुलाकात कर त्यौहारी सीजन होने के कारण व्यापारी अपने साथ नगद एवं सोने चांदी साथ लेकर जा रहे है। और उसके पास उस संबंध में पर्याप्त दस्तावेजी प्रमाण है तो कृपया उस पर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं करने हेतु उचित दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया था। इस पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने सकरात्मक आस्वासन दिया था। उन्होनें आगे कहा कि कैट आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के करने हेतु व्यापारियों से आग्रह किया है। व्यापारीगण अपने मताधिकार के साथ-साथ अपने परिवार एवं कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग अवश्य रूप से करवाएं। समस्त इकाइयों एवं एसोसिएशन मतदान हेतु अपने क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करें ताकि शत् प्रतिशत मतदान हो सके।

अमर पारवानी, जितेन्द दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल राकेश ओचवानी, कान्ति पटेल,, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, मुकेश झा, राकेश लालवानी, नरेश माखीजा, संजय चौबे, विजय मंगवानी, किशोर पंजवानी, प्रमोद कुमार वर्मा, रविन्द्र तिवारी, मदनलाल अग्रवाल दर्शन निहाल, टी. श्रीनिवास रेडडी, पृथ्वीपाल सिंह छाबडा, नन्दलाल बलवानी, अजय द्विवेदी, प्रशांत कुमार, अशोक छेतिजा, महेश प्रसाद राय, विनोद वाधवानी, जीवत बजाज, प्रकाशचन्द कुंडलिया, मिक्की दत्ता, विजय गुरूब्क्षाणी, हरमैल सिंह, दीपचन्द कोटाडिया, एवं नागेन्द्र तिवारी सहित समस्त इकाइयों के अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारी आदि।

## एक नजर

### धान एवं मक्का उपार्जन अवधि तक के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**महासमुंद,28 अक्टूबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन अवधि तक के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा विपणन संघ कार्यालय, महासमुंद में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दो पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक गोकुल कुमार सिन्हा (96914-84867) एवं साहिद कुरैशी (99268-48041) तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक मिथुन कुमार जगत (62610-73966) एवं मनोज कुमार गोस्वामी (97549-63601) की ड्यूटी लगाई गई है। जिला विपणन अधिकारी राज्य सहकारी विपणन संघ महासमुंद इस नियंत्रण कक्ष के प्रभारी होंगे।

कलेक्टर मलिक ने नियंत्रण कक्ष में धान उपार्जन से संबंधित जिले की समस्त अद्यतन जानकारी उपलब्ध रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कक्ष में पदस्थ कर्मचारी धान उपार्जन से संबंधित लिखित अथवा दूरभाष से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं की पंजी संधारित करने तथा शिकायतों, समस्याओं की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग, अधिकारी को प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

### नाम निर्देशन के पांचवे दिन 13 फार्म खरीदे गए, 8 ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**महासमुंद,28 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज पांचवे दिन शुक्रवार को कुल 13 नामांकन फार्म खरीदे गए। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से 04, खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से 03, बसना विधानसभा क्षेत्र से 04 व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से 02 अभ्यर्थी शामिल है। इसी तरह आज कुल 08 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से बृज लाल गोड़, श्रीमती भुनेश्वरी सतनामी, श्रीमती डेजी रानी नेताम, खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से द्वारिकाधीश यादव, श्रीमती अल्का चंद्राकर, सुखनंदन देशकर, बसना विधानसभा क्षेत्र से अजय रात्रे व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से अजीत कुमार चौहान शामिल है। दो अभ्यर्थियों ने आज पुनः नामांकन पत्र दाखिल किया।

### हरित पटाखों का ही होगा विक्रय एवं उपयोग दीपावली में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे पटाखे

**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** राज्य में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है।

दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। नया वर्ष/क्रिसमस के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है।

शीत ऋतु में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण)अधिनियम 1981 की धारा 19 की उपधारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा रायगढ़ नगरीय क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

# भाजपा के चुनाव कार्यालय का गागड़ा ने किया उद्घाटन भोपालपटनम क्षेत्र के 60 लोगों ने थामा पार्टी का दामन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,28 अक्टूबर।** मतदान के लिये अब दिनों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। प्रत्याशी लगातार क्षेत्रों के दौरे पर हैं। वहीं भाजपा ने आज बीजापुर विधानसभा अंतर्गत भोपालपटनम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महेश गागड़ा ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और कहा कि बीजापुर का यूथ ही जितायेगा हर बूथ। इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प भी लिया।

विधायक प्रत्याशी के समक्ष 60 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

जनसंपर्क के लिए पहुंचे महेश गागड़ा के समक्ष भोपालपटनम के लगभग 60 लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित होकर



भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ के विकास में सहयोग करने की बात कही। वहीं भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा ने कहा कि जनता द्वारा मिल रहे प्यार और आशीर्वाद को देखकर स्पष्ट हो रहा है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनकर रहेगी।

# गोवर्धन मांझी एवं रोहित ने दो-दो सेटों में नामांकन जमा किया



■ केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जीत का आशीर्वाद दिया
■ कांग्रेस के अमितेश शुक्ल 30 को करेंगे अपना नामांकन जमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 28 अक्टूबर।** केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने यहां गरियाबंद जिला मुख्यालय में भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार करने हेतु पहुंची हुई थी ।इस अवसर पर बिंद्रा नवागढ़ एवं राजिम विधानसभा के प्रत्याशी गोवर्धन मांझी एवं रोहित साहू ने उनसे जीत का आशीर्वाद लिया इस औसर पर सांसद चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू, चंदूलाल साहू के साथ ही पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने उपस्थित थे । इस औसर पर मिनाक्षी लेखी नेआम जनों से भ ज पा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जहां कल गोवर्धन मांझी ने बिंद्रा नवागढ़ से 12 और 1:00 बजे के बीच अपना नामांकन पर पत्र पुनः जमा किया वहीं रोहित साहू ने 3:00 बजे से पहले पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया ।पूर्व में बिंद्रा नवागढ़ के प्रत्याशी गोवर्धन मांझी एवं राजिम के प्रत्याशी रोहित साहू ने पुवँ मे भी एक-एक सेट नामांकन जमा कर चुके हैं ।इसी तरह 30 तारीख को कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ल भी अपने नामांकन फार्म लव लश्कर के साथ जमा करेंगे जिसकी तैयारी पुरे जोर शोर से जारी है। हालांकि राजिम के कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ला भी एक नामांकन सेट पूर्व में जमा कर चुके हैं।

## आनन्द उर्फ मोनू केशरी एक साल के लिए जिलाबदर

**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी श्री कार्तिकेया गोयल ने 27 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी कर आनन्द उर्फ मोनू केशरी, आ.ओमप्रकाश केशरी, निवासी-गंज पीछे खरसिया, थाना-खरसिया, जिला-रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा आनन्द उर्फ मोनू केशरी को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। आनन्द उर्फ मोनू केशरी को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर आनन्द उर्फ मोनू केशरी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभियोजन साथियों द्वारा दिए गए बयान के आधार पर यह पाया गया कि आनन्द उर्फ मोनू केशरी पर 12 मार्च 2014 से 27 अक्टूबर 2016 तक थाना खरसिया, जिला-रायगढ़ में अपराध पंजीबद्ध हुए है। आनन्द उर्फ मोनू केशरी, दुःसाहसिक एवं अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। आनन्द उर्फ मोनू केशरी के आपराधिक गतिविधियों से जनसामान्य के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है और उनके ऐसे कृत्यों से कानून व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

# विस चुनाव:11 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन

## 6 प्रत्याशियों ने खरीदे नाम निर्देशन पत्र

**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत आज 27 अक्टूबर को जिले की चार विधान सभाओं के लिए कुल 11 नामांकन पत्र जमा किए गए है। वहीं 6 प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भी लिए गए।



आज जिन 11 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 3 अभ्यर्थी विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी) एवं श्री अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी) ने नामांकन पत्र जमा किया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 3 अभ्यर्थी श्री नजीर अहमद (समाजवादी पार्टी), पुष्पलता टण्डन (बहुजन समाज पार्टी) एवं श्री ओ.पी.चौधरी (भारतीय जनता पार्टी) द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 3 अभ्यर्थी श्री भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), श्री प्रवीण कुमार जायसवाल (आम आदमी पार्टी) एवं श्री विनोद चन्द्र सिंह राठौर (निर्दलीय) ने नामांकन फार्म जमा किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थी श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी) एवं सत्यवती राठिया (बहुजन समाज पार्टी) ने नामांकन पत्र जमा किया।आज जिन 6 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदे इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से एक अभ्यर्थी श्री अशोक कुमार भगत (निर्दलीय)ने नामांकन फार्म लिया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से दो अभ्यर्थी श्री विभाष सिंह ठाकुर (इंडियन नेशनल कांग्रेस) एवं श्री राधेश्याम शर्मा (निर्दलीय)ने नामांकन फार्म खरीदा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 2 अभ्यर्थी श्री परिमल सिंह यादव (छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे) एवं श्री यशवंत निषाद (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से एक अभ्यर्थी श्री सुनील खेस्स (निर्दलीय) ने नामांकन फार्म लिया। इस प्रकार 21 अक्टूबर से अब तक कुल 47 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं।

## समाचार संक्षेप

### ईव्हीएम का कलेक्टर के मार्गदर्शन में कमीशनिंग



**बीजापुर 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज सुबह 10 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में स्ट्रांग रूम में इव्हीएम मशीनों का कमिशनिंग शुरू किया गया । ईव्हीएम मशीन को मतदान के लिए तैयार कर परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों के शंकाओ का समाधान करते हुए रेण्डमाईजेशन एवं कमिशनिंग के बारे में विस्तृत रूप से भी बताया गया। वहीं ईव्हीएम मशीनों में से 5 प्रतिशत मशीनों में 1-1 हजार वोट डालकर प्रतिकात्मक तौर पर परीक्षण भी किया जाएगा एवं वीवीपेट की पर्चियों का गणना से मिलान का कार्य होगा। आज के कमीशनिंग कार्य के दौरान रिटर्निंग आफिसर श्री पवन कुमार प्रेमी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल सहित अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने रैली, स्वीप रंगोली नववधु का सम्मान कर किया मतदाताओं को जागरूक




**धमतरी 28 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव के तहत मतदान का दिन जैसे जैसे नजदीक आते जा रहा है, वैसे वैसे जिले में मतादाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने गतिविधियां भी लगातार हो रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र सांकरा, बाजार कुर्रीडीह, कांटा कुर्रीडीह, खिसोरा, बेलरगांव, बिरगुड़ी, कुम्हड़ा की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ द्वारा गांवों, कस्बों, मोहल्लों में रैली निकालकर, गरबा कार्यक्रम, स्वीप रंगोली, नारा और स्लोगन के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर नववधु मतदाताओ का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में गांवों के गणमान्य नागरिक, किसान, खेतिहर मजदूर, आंगनबाड़ी में आनेवाली गर्भवती, शिशुवती महिलाएं सहित बच्चो के पालक उपस्थित थे।

### मास्टर ट्रेनर्स अपने दायित्वों का निष्पक्षता से करें निर्वहन:कलेक्टर



रायगढ़, 28 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर सभी मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया के साथ ही ईवीएम, वीवीपीएटी के संचालन एवं सीलिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिला मास्टर ट्रेनर्स भी सम्मिलित रही। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि भारत के लोकतंत्र में निर्वाचन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं और मतदान दल इस प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। आगामी 17 नवंबर को जिले में निर्वाचन होना हैं। चूंकि मतदान केंद्रों में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हैं। इसमें आप सभी की अपने दायित्वों का भली-भांति व निष्पक्षता से निर्वहन करना हैं। निर्वाचन के लिए समय कम है लिहाजा सभी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि मतदान केंद्र में शंका की गुंजाइश न रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि निर्वाचन के लिए लगाए गए मास्टर ट्रेनर गहनता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की हस्त-पुस्तिका का भली-भांति अध्ययन करें, ताकि सभी प्रकार की शंकाएं दूर हो सकें। ईवीएम व वीवीपैट के कनेक्शन, परिचालन, मॉकपोल आदि को भली-भांति सीख लें, जिससे मतदान दिवस पर किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण कर सकें।

# भाजपा पर सीएम ने लगाई आरोपों की झड़ी, कहा-फिर से कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का करेंगे कर्ज माफ

**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में चुनावी सभा ली। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार और केंद्र सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए भाजपा के 15 साल की सरकार ने सिर्फ ठगने का काम किया। उस सरकार ने सब जगह भ्रष्टाचार किया और अमित शाह जी भ्रष्टाचार करने वालों को उल्टा लटकाने की बात कहते हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को रायगढ़ में जिले के कांग्रेस प्रत्याशियों के संयुक्त नामांकन फार्म जमा करने की अगवाई करने रायगढ़ आए थेए लेकिन वह दोपहर को करीब 1०00 बजे काफी विलंब से सभा स्थल पहुंचे और सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर से कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों की कर्ज माफी करेंगे। उन्होंने कहा 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा सहित कांग्रेस की ओर से अब तक चार घोषणा की जा चुकी हैए लेकिन भाजपा ने अब तक एक भी घोषणा नहीं की है। मुख्यमंत्री ने भाजपा को आधे हाथों लेते हुए सीधे.सीधे आरोप लगाया कि 15 साल की सरकार ने बड़े पैमाने व भ्रष्टाचार किया। सभी वर्ग को ठगने का काम कियाए महिलाओंए युवाओं और किसानों में से किसी को नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केंद्र सरकार पर धान खरीदी को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मोदी जी कहते हैं छत्तीसगढ़ में हम धान खरीदी करते हैं। यदि ऐसा है तो बनारस में क्यों नहीं खरीदते। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की प्रदेश की कांग्रेस सरकार सभी वर्गों के हितों का ध्यान में रखते हुए काम कर रही है यहां कांग्रेस की सरकार बनते ही 19 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। सारे 17 लाख परिवारों को मकान दियाए अब धान खरीदी 20 क्विंटल करने की घोषणा की। सरकार बनने पर फिर से कर्ज माफी करेंगेए उन्होंने आरोप लगाया



भाजपा उद्योगपतियों पूंजी पतियों का कर्ज माफ करती है। मुख्यमंत्री सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अलग.अलग योजनाओं के लिए बटन दबाकर लोगों के खाते में 1 लाख 75 हजार करोड़ डाला। अब बटन दबाने की जनता की बारी है मुख्यमंत्री बघेल अपने संबोधन के दौरान भाजपा की सरकार पर आरोपी की बौछार करते रहे। करीब 1 घंटे तक सभा स्थल पर रहने के बाद वे यहां से सीधा जिंदल हवाई पट्टी के लिए रवाना हुए हालांकि कांग्रेस की ओर से संयुक्त तौर पर नामांकन फार्म जमा करने की बात कही जा रही थी। मुख्यमंत्री के सभा स्थल से जाने के बाद लैलूंगा के कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार नामांकन फार्म जमा करने कलेक्टर पहुंची थी। मिनी स्टेडियम में आयोजित आम सभा में जिले का कांग्रेस पदाधिकारी के अलावा नंद कुमार साय सहित रायगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक के अलावा खरसिया से उमेश पटेल धर्मजयगढ़ से लालजीत सिंह राठिया और लैलूंगा की कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार मौजूद रहे।

**भाजपा प्रत्याशी का जिक्र, अपनों का नहीं-** चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिना नाम लिए खरसिया से 2018 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे ओपी चौधरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कहर बरपाने वाले नेता अब रायगढ़ आ गए हैं। उन्होंने इस पर चुटकी लेते हुए लोगों से कहा कि देखना रायगढ़ में कहर न बरसा दे। मुख्यमंत्री ने लोगों से सीधे.सीधे यह भी पूछ लिया कि उनकी रायगढ़ में कहर बरपाने का मौका देंगें या नहीं। इस चुनावी सभा में खास बात यह नजर आई की मुख्यमंत्री ने संबोधन के दौरान उपस्थित नेताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों का सिर्फ नाम लिया। उन्होंने मंच पर अलग से आम जनता के सामने मुखातिब होने का मौका नहीं मिल पाया। जिसकी राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि प्रत्याशी जाने पहचाने हैं। परंतु औपचारिक तौर पर चुनावी सभा में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री परिचय कराने में गुरेज कर गए। इसे सिर्फ औपचारिकता के निर्वहन कर सीएम के रायगढ़ से लौट जाने को अलग.अलग नजरिया से देखा जा रहा है।

**मंच पर एकजुट दिखाने की कोशिश-**कांग्रेस की चुनावी सभा में संगठन की ओर से अलग.अलग विधानसभा क्षेत्र से टिकट की मांग करने वाले नेताओं को विशेष तौर पर बुलाया गया था मुख्यमंत्री के सभा स्थल पर पहुंचने से पहले ही रायगढ़ क्षेत्र से डॉक्टर राजू अग्रवालए जयंत ठेठवारए अनिल अग्रवाल वासुदेव यादव के अलावा लैलूंगा क्षेत्र से सुरेंद्र सिदारए हृदयराम राठिया मौजूद रहे। संबोधन के बाद मुख्यमंत्री ने इन सभी लोगों से मंच पर भी मुलाकात की। राजनीति के जानकारी की माने तो कांग्रेस मंच पर बुलाकर इन नेताओं का नाराजगी दूर करने का प्रयास करना चाहती थी। अब इसका आने वाले दिनों में क्या असर होगा इसपर पार्टी की भी नजर रहेगी। बताया जाता है खुले तौर पर बगावत के सूर लैलूंगा सुरेंद्र सिदार ने अख्तियार किया थाए आज मंच पर उनकी मौजूदगी से चुनावी सभा में उतरने की सभी आशंका खत्म होने की बात सामने आ गई।

**मुख्यमंत्री बोल गए कका जिंदा है-** कांग्रेस आज के चुनावी सभा को लेकर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में थी, लेकिन मुख्यमंत्री के रायगढ़ आगमन के दौरान ऐसा कुछ नहीं दिखाए जिससे कांग्रेस में एक जुटता नजर आए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र से आए कम कार्यकर्ताओं का रोड शो करने के दावा किए गए थेए लेकिन अलग.अलग वाहनों में टुकड़े.टुकड़े में पहुंचे ग्रामीण कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं दिखा। सभा स्थल पर मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान काका जिंदा है पर कुछ उत्साही कार्यकर्ता नारे लगाते दिखे मुख्यमंत्री बघेल सभा में युवाओं से सीधे वार्तालाप भी करते दिखे। कुछ युवाओं ने तो बिजली बिल पूरी तरह से माफ करने का आग्रह भी सीएम से कर डाला। हालांकि सीएम इस पर चुप्पी साध गए।

**सभा स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-**मिनी स्टेडियम में मुख्यमंत्री का चुनावी सभा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मिनी स्टेडियम को दो हिस्सों में बताकर तगड़ी बेरिकेटिंग की गई थी। मिनी स्टेडियम के आधे हिस्से में मंच के अलावा लोगों के लिए सिटिंग अरेंजमेंट किया गया था।

दो प्रवेश द्वार बनाए गए थेए जिसमें से एक मीडिया के लिए और दूसरा आम लोगों के लिए था प्रवेश के दौरान सुरक्षा के नजरिए से सुरक्षा बल पूरी चेकिंग करते नजर आए। इसके अलावा मुख्यमंत्री का मंच तक पहुंचाने के लिए अलग से प्रवेश द्वार बनाया गया था। इसके लिए मंच के एक हिस्से में पूरी तरह से बेरिकेटिंग कर आम लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया था। मुख्यमंत्री की इस चुनावी सभा में पुलिस की चकाच 54 सुरक्षा व्यवस्था रही

**ओपी अगली बार कोई और जगह देखेंगे-** प्रकाश जिले में शुक्रवार को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आने से पहले रायगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक ने सभा को संबोधित किया। सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के बाद उन्होंने ओपी चौधरी पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि कहर लौट आया है। ओपी चौधरी के कहर वाले बयान पर प्रकाश नायक ने हमला बोलते हुए उन पर निशाना साधा। प्रकाश नायक ने तंज कसते हुए कहा कि 2018 के चुनाव में खरसिया से हारने के बाद ओपी चौधरी रायपुर चले गए। लोगों से साथ निभाने का जो वादा किया थाए उसका क्या हुआ। अब 5 साल बाद फिर चुनाव लडने आए हैं। जो अपनी माटी का नहीं हो सकताए वो हमारा क्या होगा। उन्होंने कहा कि इस बार रायगढ़ में बाहरी को लोग सबक सिखाएंगे। रमन सिंह के खास लोग अडानी और अमन सिंह हैं। कहर अमन सिंह का चेला है। गलती से अगर कहरवाला जीत गयाए तो समझना कि ये अडानी और अमन का आदमी है।

**भूपेश की सभा में छाए रहे ओपी-** जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर आज रायगढ़ पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ प्रत्याशी पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी सहित पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के अलावा केन्द्र सरकार को जमकर कोसा।

साथ ही साथ अडानी के मुद्दे को भी उठाते हुए जनता से एक बार फिर उनकी सरकार बनाने की अपील की। रायगढ़ मिनी स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि रायगढ़ से चुनाव लडने वाले भाजपा ने किसानों के साथ अन्याय किया कहर बरपाने का काम किया। एक कहर बरपाने वाला पांच साल पहले खरसिया गया था वहां उसी के उपर कहर बरप गया। अब रायगढ़ में आयें है कहर बरपाने। अब रायगढ़ वासियों की पारी है।

**एक नजर**

## भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने जमा किया नामांकन



**भाटापारा, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के लिए भाटापारा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन जमा किया. शिवरतन शर्मा और जिले में भाजपा के अन्य दो विधानसभा सीटों के प्रत्याशीयो के साथ मिलकर 30 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर संतोष वर्मा, मोहन बांधे, धनीराम साहू जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चाकू दिखाकर लूट और मारपीट करने वाला गिरफ्तार



**भाटापारा, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर थाना पुलिस ने धारदार चाकू से मारपीट व लूटपाट करने वाले आरोपी को गिफ्तार कर धारदार चाकू व मोटरसायकल को जप्त किया। मामले में 26 अक्टूबर को प्रार्थी रोहन कश्यप निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड ने थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 अक्टूबर को नाका नं. 1 से बस स्टैण्ड जाते समय श्याम पेटोल पंप के सामने आरोपी आनंद गुप्त द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर बिना कारण के मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार चाकू से मारपीट कर चोंट पहूंचाया मौके पर आरोपी आनंद ऊर्फलाला गुप्ता के विरूद्ध अपराध कायम का विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी लाला गुप्ता को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो घटना करना स्वीकार किया आरोपी लाला गुप्ता से एक नग लोहे का धारदार चाकू एवं मो.सा. सीजी–22–एच–9890 को जप्त कर आरोपी द्वारा प्रार्थी को मारते समय पेंट की जेब में रखे नगदी रकम को लूटने पर प्रकरण में धारा 394 भादवि जोडी गई और आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

## बलौदाबाजार से 12, कसडोल 4 व भाटापारा से 10 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन

**भाटापारा, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही जारी हैं। नाम निर्देशन पत्र के पांचवे दिन आज संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–44 कसडोल हेतु आज 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें कसडोल नगर से राजकमल सिंघानिया, ग्राम तेलासी से प्रीतलाल, ग्राम खटियापाटी से कृष्ण कुमार पटेल, ग्राम पनगांव से धनीराम धीवर एवं कसडोल नगर विमलदास वैष्णव का नाम शामिल है। इस तरह कसडोल के लिए अभी तक कुल 29 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसके साथ कसडोल विधानसभा में 4 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है जिसमें रामनारायण निषाद, धनीराम धीवर, छबीलाल पैकरा एवं परमेश्वरी पैकरा ने जमा किए है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–45 बलौदा बाजार हेतु आज 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम सलौनी से सलीम ढ़ीढ़ी, बलौदाबाजार नगर से सविता साहू एवं ग्राम अर्जुनी से ठाकुर राम ध्रुव ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए है। इस तरह बलौदाबाजार के लिए अभी तक कुल 19 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए है। इसके साथ ही आज 12 नाम निर्देशन पत्र जमा किए है। जिसमें टंकराम वर्मा, कुशल वर्मा (4 सेट), राजकुमार पात्रे, नीलम संजय भारद्वाज, संतोष कुमार यदु (2 सेट), दशरथ लाल जायसवाल, राजा दुलरवा (2 सेट) का नाम शामिल है।

# गरबा उत्सव में 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 28 अक्टूबर।** नवरात्रि जीवंत उत्सवों का पर्याय है और सिंधु मित्र मंडल एक शानदार गरवा उत्सव अनुभव बनाने में सबसे आगे रहा है हर गुजरते साल के साथ यह बड़ा बेहतर और आर्कपक बनगया है।

इस साल भी सिंधु मित्र मंडक द्वारा अविस्मरणीय गरबा महोत्सव कराया गया जिसके मुख्य संचालक राधेश्याम आर्य (गब्बर), शीतल आर्य एवं मुरली कामनानी, संध्या कामनानी तथा सहसहयोगी सुदामा बत्रा रीमा बत्रा अमर छावड़िया सोनी छावड़िया. रचना पाण्यानी, राजेश थारानी, वरेश आर्य, रंजीत दावानी अशोक किंगरानी, जयराम काका, सुरेश गोदवानी, गुरमुख गंगवानी, शेरू किंगरानी, विकास बालानी, अमित थारानी, विनय अबय काहेला, नीरज हबलानी, नीरज बना, प्रेम महाराज, अविनाश धारानी, धीरज निहलानी धनेश भाधवानी, भरत कंचवानी, नरेश मंधान पवन सबलानी, नानू सोनी, सुशील सबलानी ये सभी रहे सिंधु मित्र मंडळ गरबा उत्सव कलाकारों की पसंद के कारण अलग दिखता है। भव्य सजावट, मंत्रमुग्ध करने वाली संगीतमय प्रस्तुति अविस्मरणीय यादों के लिये पूरी तरह से तैयार नवरात्रि के इन तीन दिनों में बहुत भीड़ थी, उर्जावान भीड़ को फिर से भरने के लिये स्टाक रखे गये 7 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें 5 ग्रुप डांस, सिंधियों के इष्ट देवता झुलेलाल जी का गुणगान, स्तुति, महादेव जी का तांडव दुर्गा उत्सव आदि सम्मिलित रहा। इनमें से 70-80 प्रतिभागियों को इनाम दिया गया जिसमें अलग-अलग कैटेगरी रखी गई थी। गरबा कवीन साक्षी सचदेव के साथ सारा बालानी, विशाखा बत्रा, मुस्कान गंगवानी पूजा आर्य, सिमरन वलेचा मुस्कान कुकरेजा, पाखी बँकेचा, माही थारानी, प्रीत लीलवानी, स्नेहा सचदेव, सपना शोभवानी, शिवानी थारानी, निशिता माखीजा, वंशिका, आरती, रीना का, हीर ईदवानी, रोशनी, मुस्कान सचदेव, गुनगुन, स्नेहा आर्य, काव्या परिप्यानी, संजना बालानी, कृतिका बालानी, नम्रता पंजवानी, आयुषी, भव्या थारानी, श्रुती मंधानी, छोटी बच्चियों में ढाकुर, तनिषा मंधान को इनाम दिया गया सौम्मा। लड़कों में भी गरब के प्रति काफी उत्साह देखा गया। राम निहलानी अनिरुद्ध कामनानी, वेदांश ईदवानी आयुष मानवबत्रा लविश थारानी, आकाश चिमनानी, विवेक सचदेव, गोपाल आर्य, सत्यम किंगरानी कार्तिक माधवानी पुरस्कृत किये गये ग्रुप डांस भी मनमोहक रहे सिंधी देख ने सबका मन मोह लिया।

जब के निर्णायक में शिवानी थारानी धीरज आहूजा, दिया मेंधानी का योगदान रहा। प्रतिभागियों को तैयार करने में रेनू शर्मा, डॉकी निहलानी एवं विकक ढाकुर ने अपना पूरा सहयोग दिया सुमीत मे दुर्गा तांडव, सरल आर्य ने शिव तांडव की जोरदार प्रस्तुति की। गरबा और पश्चिमी धुनों के मिश्रण में पूरी सुरक्षा के साथ यह एक सफल आयोजन रहा जिसमें सभी भाटापारा वासियों के किये सिंधु मित्र मंडळ आभारी है। यह जानकारी ज्योति सोनी के द्वारा दी गई।



### श्रमदान व चंदा से तैयार हो रहा है धान खरीदी केंद्र, समिति प्रभारी ने कहा- पैसा नहीं है

# अन्य खरीदी केन्द्रों में तैयारी अधूरी अभी तक नहीं पहुंचा डिवाइस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 28 अक्टूबर।** शासन द्वारा इस वर्ष नवीन धान खरीदी केंद्र की घोषणा की गई इसमें पिपरछेड़ी में नवीन धान खरीदी केंद्र खोला गया है, जहां पर धान खरीदी की तैयारी के लिए ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी व गायडबरी के गांव के लोग श्रमदान व चंदा करके धान खरीदी की तैयारी कर रहे हैं, स्थल पर पहुंचने पर कार्यों की देखरेख करने वाले ने बताया कि धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ से गांव में खुशी का माहौल है किंतु तैयारी के लिए प्रशासन के लोग आते हैं और दिशा निर्देश देकर चल देते हैं, पूरा खर्चा दोनों पंचायत के लगभग पांच गांव के लोग उठा रहे हैं एवं गांव में बैठक कर मुनादी करवा कर अलग-अलग दिन अलग-अलग गांव के लोग आकर श्रमदान कर अपने लिए धान खरीदी की तैयारी कर रहे हैं।साथ ही उन्होंने बताया कि यहां पर बिजली, पानी व कार्यालय रूम सहित सभी सुविधाओं का अभाव भी है जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को है किंतु उनके द्वारा किसी प्रकार की मदद नहीं की जा रही है, अभी तक धान खरीदी केंद्र बनाने हेतु जमीन समतलीकरण में 20 घंटा जेसीबी चला है, लगभग 80 ट्रिप मुरुम डाला गया है।और 100 मजदूर अभी तक पीपरछेड़ी के लोग श्रमदान कर चुके हैं एवं आगामी दिनों में क्रमशः गायडबरी, तालेसर, कोसमपानी के लोग आकर श्रमदान करेंगे, ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें डर है कि अगर तैयारी नहीं करेंगे तो प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्र को चालू नहीं करेंगे जिससे किसानों को परेशानी होगी इसलिए उन्होंने अपना श्रमदान करते हुए धान खरीदी केंद्र की तैयारी कर रहे हैं, वर्तमान समय अभी धान की कटाई का है किंतु उसके बावजूद भी गांव के लोग बारी बारी से आकर धान खरीदी केंद्र में श्रम दान कर रहे हैं, इसी तरह आदिम जाति समिति खड़मा, आदिम जाति सेवा समिति रानीपरतेवा एवं धान खरीदी केंद्र परसदा में भी अभी तक मात्र सिर्फ साफसफाई के कार्य हुए हैं।एवं जहां पर चबूतरा है वहां पर पुताई का कार्य हुआ है एवं बिजली आने के कार्य अब तक नहीं हुआ, है खरीदी केंद्र परसदा में स्थाई रूप से कार्यालय व रेक रखने के लिए धान की भूसी को चुमड़ी में भर ने कार्य किया जा रहा है। बिजली का कार्य अभी भी अधूरा है, समिति के प्रभारी से चर्चा में बताया कि डिवाइस नहीं मिलने के कारण अभी तक के खरीदी के लिए डेमो नहीं किया गया है। अगर किसी प्रकार की परेशानी होगी तो सुधार किया जाएगा, आदिम जाति सेवा समिति खड़मा के प्रभारी तिलक पटेल ने बताया कि नवीन धान खरीदी केंद्र पीपरछेड़ी खड़मा समिति के अंतर्गत आता है और इसकी तैयारी की जिम्मेदारी समिति की होती है।किंतु शासन द्वारा सुरक्षा भंडार एवं अन्य राशि नहीं मिलने की वजह से पूरी तैयारी ग्राम पंचायत के सरपंच लोग कर रहे हैं और सभी खर्च भीकर रहे हैं समिति में राशि नहीं होने की वजह से हम लोग तैयारी नहीं कर पाए साथ ही साथ उन्होंने कहा कि खड़मा समिति में बिजली का कार्य अभी नहीं हुआ है रविवार तक उसे पूर्ण किया जाएगा एवं डिवाइस अभी तक नहीं मिला है, परसदा धान केंद्र के प्रभारी दीवान ने बताया कि पूरी तैयारी आदिम जाति सेवा समिति पाठसिवनी के देख-रेख में होती है।अभी कार्य चल रहा है कुछ दिन में तैयारी पूर्ण हो जाएगी।श्रम दान करने वाले अर्जन, अमरचंद, संतोष, प्रेम, तिलक, मनोज, ओम बाई, हिमसिंग, परसदिवान, पवन, नारद, सावन, सतीश, मुकेश, जीवन, जगन्नाथ, मूलचंद, भैयाराम, राजू, जागेन्द्र, मेथीचंद, हीरालाल, छोटू, दिलीप, कुलेश्वरभोला, राजकुमार, भगवानी, आनंदराम, जनक बाई, प्रमिला, बीरेन्द्र, कुन्ती पीकी, विराज, सावित्री, नीरा, चंदर, भूमान, चेमन, राजाराम, प्यारे, अनिल, लगनु, विलास, चिंता, लक्ष्मी विजय, सजन, सुकलाल, चैतराम, खेदु, तुलश हैं।



> आदिम जाति सेवा समिति खड़मा के प्रभारी तिलक पटेल ने बताया कि नवीन धान खरीदी केंद्र पीपरछेड़ी खड़मा समिति के अंतर्गत आता है और इसकी तैयारी की जिम्मेदारी समिति की होती है।किंतु शासन द्वारा सुरक्षा भंडार एवं अन्य राशि नहीं मिलने की वजह से पूरी तैयारी ग्राम पंचायत के सरपंच लोग कर रहे हैं
>
> **-तिलक पटेल,** आदिम जाति सेवा समिति खड़मा प्रभारी

# भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों का गांव-गांव में जबरदस्त स्वागत

■ **बलौदाबाजार में चुनावी सरगर्मी शुरू, काग्रेस और बीजेपी के दोनों प्रत्याशी ताकतवर**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा-नेवरा, 28 अक्टूबर।** बलोदा बाजार विधान सभा इस वक्त सबसे अत्यधिक चर्चा में बन गई है कारण इस विधान सभा में दोनो पार्टियों ने लोक प्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है और दोनो की गांव अंचलों में लोग पूर्व से जान रहे है। इस कारण इस व्यक्त ज्ञानी भी चिंतित है कारण ज्ञानियों को इस बार भाव न काग्रेस में मिल रहे है।

बीजेपी में बलौदाबाजार विधानसभा के उम्मीदवार बीजेपी के टक राम वर्मा कांग्रेस के शैलेश नितिन त्रिवेदी दोनो प्रत्याशी जब गावो में जा रहे है तो जनता दोनो की ओर देख रही है स्वागत भाषण भी सुन रही है हर गांव की स्थिति एक जैसी है ग्रामीण दोनो की सभा में समलित होते है। ओर दोनो को अपना समर्थन दे रहे है इस हालत में ग्रामीण अंचलों में कुछ स्मीकरण अभी नहीं दिख रहे है। इस बार का चुनाव कहे तो अनोखा है लेकिन काग्रेस उत्साह में अधिक है। तिल्दा नेवरा, सुहेला, हिरमी, बलौदाबाजार का चुनावी माहौल देखने से ऐसा लगता है की अभी से चुनाव प्रचार में दोनो प्रत्याशी दिन रात मेहनत कर रहे है। नामांकन रैली में विधायक प्रमोद शर्मा के काग्रेस में सम्मलित होने से बीजेपी के नेता इस को बीजेपी का फायदा बता रहे है लोगो में चर्चा यह है की बीजेपी समर्थक जो विधायक के साथ गए थे जोगी काग्रेस में वे अब बीजेपी में वापसी की तयारी कर रहे है तो कुछ लोग विधायक के साथ काग्रेस में जा चुके है। बलौदाबाजार में अब काग्रेस और बीजेपी के बीच मुकाबला होगा कारण इस बार तीसरा विकल्प अब तक सामने नहीं आया है और न ही कोई संभावना है। इस तरह इस वक्त बीजेपी और काग्रेस अपने अपने स्तर पर कार्यकर्ताओं को चुनावी रण में गांव गांव भेज माहौल बनाने में लग गए है।

### कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में दिखा उत्साह, इस बार 58000 से ज्यादा मतों से जीतने बनी रणनीति

# प्रदेश का विकास ही कांग्रेस का लक्ष्य: अमितेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 28 अक्टूबर।** गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान मे छुरा के सांस्कृतिक भवन मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रखा गया था बैठक मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी, राजीव युवा मितान, बूथ कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, गौठान समिति के साथ सभी कांग्रेस प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे शामिल हुए, राजीव युवा मितान के कार्यकर्ताओ के द्वारा राजिम विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ल का कोसमबुड़ा चौक मे भव्य स्वागत किया गया राजिम युवा मितान के कार्यकर्ताओं द्वारा कोसमबुड़ा से बाइक रैली निकली गई जो मुख्यमार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल सांस्कृतिक भवन छुरा पहुंची अमितेश शुक्ल के पहुंचते ही ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों द्वारा आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया, कार्यकर्ता सम्मेलन मे विधायक प्रत्याशी अमितेश शुक्ल ने कार्यकर्ताओ मे जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस कि असली पूंजी कार्यकर्ता है कार्यकर्ता तो कांग्रेस है और कांग्रेस है तो सब कुछ है उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को विधानसभा चुनाव मे पुरे जोश के साथ कार्य करते हुए गांव-गांव जाकर कांग्रेस पार्टी कि योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने कि बात कही इस दौरान उन्होंने विपक्ष के भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है भाजपा सिर्फ झूठ परोसने का कार्य करती है किसानों कि तरक्की देखकर भाजपा वालो के पेट मे दर्द होने लगता है, प्रदेश मे कांग्रेस कि फिर से सरकार बनाने हम सबको मिलकर कार्य करना होगा कांग्रेस सरकार ने जो जनता से वायदे किये वो पुरे किये इस बार भी कांग्रेस ने किसानों का कर्जा माफ़करने का फैसला किया है प्रदेश का विकास ही कांग्रेस का लक्ष्य है जिसे हमें पूरा करना है इस अवसर जिला कांग्रेस उपाधयक्ष समद खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छुरा बालमुकुंद मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गरियाबंद हाफिज खान, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव, जनपद पंचायत छुरा उपाधयक्ष गौरव मिश्रा, मक्कु दिक्षित, सलीम मेमन, समीम खान, अवाध साहू, अवधेश प्रधान, संदीप सोनी, लोकेश्वर वर्मा, हरीश यादव, अफजल खान, बंटी साहिल, रितेश दिक्षित, शैलेन्द्र दिक्षित, दिलीप बघेल, पंचराम टंडन, शशांक चौबे, दीपक चंद्राकर, प्रतीक शर्मा, अनुराग चंद्राकर, आशा चौबे, भुनेश्वरी, सत्यवती नायक, राधिका साहू, गणेशी ठाकुर, जयराम जगत, बुधराम मरकाम, हरी सिन्हा, खेदू साहू, गोपाल राम दिवाकर, तिलेंदर साहू, गजेन्द्र ठाकुर भुवन ध्रुव, रमेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व भाजपा जिला महामंत्री देवसिंह नेताम, कपड़ा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष नंद देवांगन संतानु देवांगन ने कांग्रेस कि नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया जिसका विधायक अमितेश शुक्ल ने गमछा पहनाकर स्वागत किया।



**समाचार संक्षेप**

## भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर का डोर टू डोर जनसम्पर्क जारी



**डोंगरगढ़, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ विकासखंड ग्राम नांगतरई, हरनसिंघी, जटकन्हार, धुसेरा, बेलगांव, छोटे कुसमी, बड़े कुसमी, छिपा आदि गांवों में भाजपा के विधायक उम्मीदवार विनोद खांडेकर ने कार्यकर्ता भुवन वर्मा, तेजलाल वर्मा, हरिचंद पटेल,मनोहर साहू, जैन मेश्राम, छबील साहू, मनीष सोनी, हेमलाल, मुरली गेडाम आदि ने घर घर जाकर कमल बटन दबाकर डोंगरगढ़ के भाजपा के विधायक उम्मीदवार विनोद खांडेकर को विजय बनाने की अपील की वही खांडेकर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 साल में डोंगरगढ़ में कांग्रेस के विधायक रहीस लेकिन वह नाम मात्र का रहीस डोंगरगढ़ में 5 साल में कुछ भी विकास कार्य नही हुआ। वहीं कांग्रेस की सरकार लबरा है जो अपन घोषणा पत्र ला गंगा जल लेकर कसम खाने के बाद भी पूरा नहीं किया वही वर्तमान में कांग्रेस सत्ता में आने के लिए जो घोषणा पत्र जारी किए है वह भी किसान भाई लोगो को लालच दिया गया है इसलिए अब नहीं सही वह बादल की रही वो बोलते हुए कमल छाप में मतदान देने की अपील की है।

## साइबर सेल व पलारी पुलिस की टीम ने 2 सटोरियों को दबोचा



**बलौदाबाजार, 28 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले काफी दिनों से लाखों रुपए के सट्टा-पट्टी लिखने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इन सूचनाओं की जांच तस्दीक से पता चला कि कल्याण बुक, राजधानी बुक आदि ऑनलाइन वर्ली मटका सट्टा ग्रुप के माध्यम से कुछ आदतन सटोरियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सट्टे का जाल फैलाया जा रहा है, जिसमें इस प्रकार के अवैधानिक कार्यों को बढ़ावा देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के सांथ-सांथ, कल्याण एवं राजधानी बुक जैसे बड़े सट्टा माध्यमों पर शिकंजा कसना भी बहुत आवश्यक था। इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सट्टा पट्टी लिखने वाले सटोरियों की धरपकड़ लगातार जारी है। पुलिस टीम को उक्त निर्देशों से अत्यंत सुखद परिणाम भी लगातार मिल रहे है, जिसमें पिछले हफ्ते ही ग्राम अर्जुनी एवं भाटापारा में कल्याण बुक एवं राजधानी बुक के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे का जाल फैलाने वाले राकेश केसरवानी, रोशन साहू एवं देवलाल सोनी जैसे 03 शातिर सटोरियों को गिरफ्तार कर सट्टा-पट्टी के साथ एक लाख रूपये से भी अधिक का नगदी बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली थी। इस सफलतापूर्वक अभियान के पश्चात सायबर सेल की पुलिस टीम ने अपनी जांच का दायरा और बढ़ाया एवं अपना ध्यान पलारी क्षेत्र में कल्याण बुक के माध्यम से सट्टा चलाने वाले सटोरियों के ऊपर लगाया। इसी क्रम में साइबर सेल की पुलिस टीम द्वारा पलारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण एवं सूचना संकलित करने से कल्याण बुक, मोबाइल के माध्यम से भी सट्टा का संचालन करने का पता चला। कि आज दिनांक 26.10.2023 को प्रभारी निरीक्षक परिवेश तिवारी के साथ साइबर सेल से आरक्षक मुकेश रात्रे एवं थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमेरा एवं घिरघोल में दबिश दिया गया। पुलिस टीम को अचानक अपने सामने देखकर सट्टा पट्टी एवं मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करते हुए आरोपियों के होश उड़ गए। पुलिस टीम द्वारा तत्काल दोनों आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके मोबाइल एवं सट्टा-पट्टी को जप्त किया। मोबाइल की जांच पर लाखों रुपए के सट्टा-पट्टी का लेखा-जोखा होना पाया गया। आरोपियों से पूछताछ पर सट्टा ग्रुप कल्याण बुक के माध्यम से सट्टा पट्टी लिखने का पता चला। दोनों आरोपियों से लाखों रुपए का सट्टा-पट्टी अंकित दो मोबाइल जप्त किया गया है। ग्राम अमेरा में कार्यवाही- पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमेरा में सट्टा रेड कार्यवाही कर आरोपी धरम सोनवानी को गिरफ्तार किया गया है आरोपी से सट्टा-पट्टी, एक नग मोबाइल एवं नगदी रकम 8400 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 497/2023 धारा छ.ग. जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## एक नजर

### बाइक की डिक्की से हजारों रुपए के दवा पार

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** मौदहापारा स्थित समवेत शिखर कॉम्पलेक्स पास बाइक के डिक्की में रखे हजारों रुपए के दवाई को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विदेश मांझी 28 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक के डिक्की में 17249 रुपए का दवाई रखा था और बाइक को समवेत शिखर कॉम्पलेक्स के पार्किंग में खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने डिक्की में रखे दवाई को चोरी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी 20 हजार पार

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** केबीटी 12 फेस 3 कबीरनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 20 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमित श्रीवास्तव 32 वर्ष केबीटी 12 फेस 3 कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि 25 अक्टूबर को प्रार्थी घर में ताला लगाकर कहीं गया था। तभी अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 20 हजार रुपए व कुछ कागजात पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसे के लेन-देन को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** ग्राम नकटा में पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश यादव 31 वर्ष ग्राम नकटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शुभम सिंह 23 वर्ष ने पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर डंडा से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने छठ तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मिंटू साव 42 वर्ष, शेषनाथ जायसवाल 42 वष, काशीराम साव 42 वर्ष व राजु कुमार चौहान 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी दुर्गेश मेहर 26 वर्ष एवं नेवरा पुलिस ने आरोपी जय साहू 31 वर्ष व हरिशंकर वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 80 पाव अंग्रेजी व देशी शराब जब्त किया है। साथ ही बिक्री रकम 730 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने काठाडीह के पास अवैध शराब के साथ आरोपी छगन लाल साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। इसी तरह माना पुलिस ने 4 बटालियन के पास आरोपी मलिना मलिक 34 वर्ष के पास से 19 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने ग्राम चंडी के पास आरोपी उमेश बंजारे से 21 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 260 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम कठिया में आरोपी टुकेन्द्र सोनी 40 वर्ष के पास से 24 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### टैक्स में 23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि

**रायपुर 28 अक्टूबर।** वित्तीय वर्ष 24 की पहली छमाही में एक्सिस बैंक के प्रोफिट ऑफ्टर टैक्स में 23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि, 11,661 करोड़ रुपए पर पहुंचा समेकित आरओई 19.04 प्रतिशत पर- साल दर साल 179 बीपीएस वृद्धि, 4.11 प्रतिशत एनआईएम द्वारा संचालित पहली छमाही में शुल्क वृद्धि सालाना 30 प्रतिशत, ऋष्ा वृद्धि साल दर साल 23 प्रतिशत, 15 प्रतिशत साल दर साल आरटीडी वृद्धि से सहारा मिला । भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज अपने Q2FY24 परिणामों की घोषणा की। जिसमें 5,864 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, ''दुनियाभर में अत्यधिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है और इस विपरीत माहौल के बावजूद, हमारा मानना है कि भारत की विकास यात्रा मजबूत बनी हुई है।

# वीवीपैट, ईवीएम मतदाताओं के लिए तैयार

## प्रथम चरण में सात नवम्बर को 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान

- राजनीतिक दलों के एजेंट के सामने होगा रेण्डमाइजेशन

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में सात नवम्बर को 20 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इसके लिए ईवीएम और वीवी पैट मशीनें कमीशनिंग के लिए तैयार कर ली गई हैं। द्वितीय चरण के लिए जिलेवार कमीशनिंग का काम 31 अक्टूबर के बाद शुरू किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने छग विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए नियमित रूप से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों को ब्रीफिंग देना शुरू कर दिया है। आयोग के डिप्टी सीईओ रुपेन्द्र वर्मा के अनुसार प्रथम चरण के तहत 7 नवम्बर को 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों के अलावा राजनांदगांव, मोहला-मानपुर तथा कवर्धा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र के पश्चात इनकी छंटाई का काम पूरा हो गया है। यहां पर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। अभ्यर्थियों की संख्या और चुनाव चिन्ह आबंटित



होने के बाद आयोग ने ईवीएम और वीवी पैट की प्रथम स्तरीय जांच पूरी कर ली है। आयोग के निर्देशानुसार अब कमीशनिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कंट्रोल यूनिट पर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या सेट की जाएगी। बैलेट यूनिट पर मतपत्र लगाए जाएंगे। वीवी पैट पर सिम्बॉल लोडिंग का काम पूरा कर लिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को कमीशनिंग कहा जाता है। इसके पश्चात राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के सामने रेण्डमाइजेशन का काम किया जाएगा। प्रत्येक जिले में यह काम शुरू हो गया है। प्रथम चरण के तहत होने वाले मतदान के लिए सभी मशीनों को अपडेट कर लिया गया है। मतदान दलों को ये मशीनें दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय दलों द्वारा टिकिट काटे जाने के बाद कई नेता बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं। छग के लिए अलग-अलग चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। यदि एक से अधिक निर्दलीय प्रत्याशी एक ही चुनाव चिन्ह के लिए आवेदन करेगा तो इसे लॉटरी निकालकर आबंटित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में इस समय गैरपंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या 68 है। हमर राजनीतिक दल तथा क्रांति सेना के अलावा अन्य दल भी चुनाव मैदान में हैं। जोगी कांग्रेस को क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त है। हमर राज पार्टी को बाल्टी छाप चुनाव चिन्ह मिला है। जबकि क्रांति सेना को मनपसंद चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया है। आयोग के निर्देश पर सभी तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। द्वितीय चरण का मतदान 17 नवम्बर को होगा। इसके लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष करीब 24 हजार से अधिक मतदान दल होंगे जिसमें करीब 1 लाख से अधिक शासकीय कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। सुरक्षा की व्यवस्था डीआईजी ओपी पाल देख रहे हैं। मादक पदार्थों की जब्ती का काम तेजी से हो रहा है।

हाल बेहाल



रायपुर 28 अक्टूबर। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद महादेव घाट, खारून नदी स्थित विसर्जन स्थल का चिंताजनक दृश्य।

### निर्वाचन कार्य में संलग्न महिला कर्मचारियों को मुहैया कराई जाएंगी सुविधाएं

**रायपुर ,28 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज एनआईटी और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में चल रहे मतदान अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचे और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में उपस्थिति अधिक से अधिक रहे। सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता से मास्टर ट्रेनर की बात सुने और ग्रहण करें। जितने अच्छे से आप प्रशिक्षण लेंगे उतने ही कुशलता से निर्वाचन कार्य को संपन्न कर पाएंगे। डॉ भुरे ने कहा कि हमारा प्रयास है कि निर्वाचन कार्य में महिला अधिकारी-कर्मचारी हमेशा अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करती हैं यह सराहनीय है। यह प्रयास किया जा रहा है कि उनकी ड्यूटी मतदान केन्द्र सहित जहां भी लगाई जाएगी वहां पर उनके लिए मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जाएगी, ताकि उन्हे कोई तकलीफ ना हो। इस अवसर पर जिला पंयायत के मुख्य कार्यपालन श्री अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राजधानी में 31 को होगा भाजपा व कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

**रायपुर, 28 अक्टूबर (मुख्य नगर संवाददाता)।** रायपुर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी 31 अक्टूबर को अपना-अपना नामांकन पत्र भरने के बहाने राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन करेंगे। भाजपा की यह रैली एकात्म परिसर से निकलेगी। वहीं गांधी चौक से कांग्रेस प्रत्याशियों की रैली निकलेगी।

भाजपा कंट्रोल रूम के अनुसार इस समय भाजपा प्रत्याशियों ने अपना एक सेट दाखिल कर दिया है। कांग्रेस की ओर से भूपेश बघेल के साथ मिलकर सभी सातों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। छत्तीसगढ़ विस निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के तहत 70 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन होगा इसलिए इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में दोनों दलों के प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दिन बागी प्रत्याशियों की स्थिति भी स्पष्ट हो जाएगी। कांग्रेस और भाजपा से टिकिट कटने के बाद बागी जोगी कांग्रेस और आप तथा क्षेत्रीय दलों से गठजोड़ कर रहे हैं।

रायपुर जिले के भाजपा प्रत्याशी 31 को नामांकन भरने एक साथ बाजे-गाजे के साथ निकलेंगे। एकात्म परिसर में झंडा, बैनर आ गया है। कार्यकर्ता सिर्फ कलेक्टोरेट परिसर तक जाएंगे। अंदर सिर्फ प्रत्याशियों एवं प्रस्तावकों को जाने की ही अनुमति मिलेगी। रायपुर शहर के दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल, पश्चिम से राजेश मूणत, उत्तर से परंदर मिश्रा एवं ग्रामीण मोतीलाल साहू व कांग्रेस से उत्तर से कुलदीप जुनेजा, दक्षिण से महंत रामसुंदर दास, ग्रामीण से पंकज शर्मा एवं पश्चिम से विकास उपाध्याय चुनाव मैदान में हैं। आरंग, धरसींवा व अभनपुर के प्रत्याशी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

# विधानसभा चुनाव : राहुल के आने से चुनावी माहौल गर्माया

- खरगे, प्रियंका व सोनिया की भी चुनावी सभाएं होंगी
- जयप्रकाश नड्डा लेंगे संगठन की उच्चस्तरीय बैठक

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** मतदान की तिथि ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे छग का राजनीतिक माहौल गर्माता जा रहा है। राहुल गांधी ने आज कांकेर जिले के फरसगांव में चुनावी सभा लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। कांग्रेस के अन्य शीर्ष नेता प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शीघ्र ही यहां पर चुनावी सभाएं लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय जेपी नड्डा आज रायपुर पहुंच रहे हैं। वे उच्च स्तरीय बैठक लेंगे। कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि आज राहुल गांधी छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंच गए हैं। उन्होंने फरसगांव में चुनावी सभा ली है। उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी हैं। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस को जिताने की अपील की है। शुक्ला के अनुसार 30 नवम्बर को राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आ रहीं हैं। वे अलग-अलग स्थानों पर चुनावी सभाएं लेंगी। कांग्रेस कमेटी के अनुसार कांग्रेस के प्रत्याशियों का




नामांकन भरने का सिलसिला जारी है। आज अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जाएगा। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की भी चुनाव सभा अगले महीने आयोजित की जाएगी।

#### मोदी और शाह भी लेंगे चुनावी सभाएं

भाजपा के स्वागत समिति के संयोजक लोकेश कावड़िया ने बताया कि छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की चुनावी सभाएं आयोजित की जाएगी। आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया अनेक स्थानों पर चुनावी सभाएं ले रहे हैं। जेपी नड्डा आज शाम यहां पहुंचेंगे। वे भी शीर्ष नेताओं की बैठक लेंगे। कांग्रेस और भाजपा में अभी भी टिकिट को लेकर असंतोष बरकरार है। बी-1 फार्म जारी नहीं होने तक सभी इच्छुक प्रत्याशी अपने-अपने माध्यम से पहुंच लगा रहे हैं।

### बिना रायल्टी पर्ची रेत-गिट्टी का परिवहन, 15 हाइवा जब्त

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** रेत व गिट्टी खदानों से अवैध परिवहन को लेकर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है. देर रात फिर से 15 हाइवा को बिना रायल्टी पर्ची रेत, गिट्टी और फर्सी का अवैध परिवहन करते पकड़ा है।अफसरों के अनुसार इनमें से किसी के भी पास रायल्टी पर्ची नहीं पाई गई. इनमें 12 हाइवा में रेत, एक हाइवा में गिट्टी और दो हाइवा में फर्सी जब्त करने के साथ ही गाड़ियों को भी खड़ा करवा लिया गया है. यह खनिज खरोरा और मोहमेला से लोड करके लाया जा रहा था. टीम ने खरोरा में दो और तिल्दा में 13 गाड़ियों को जब्त किया. वाहनों के मालिक कवर्धा और बेमेतरा जिले के बताए जा रहे हैं, सभी हाइवा ढंकी हुई थी। बीते दिनों हाईकोर्ट के निर्देश पर ओवर लोड खनिज परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को कलेक्टर ने कहा था. इसके बाद कुछ दिनों के लिए कार्रवाई शुरू हुई लेकिन अब वह बंद है. बीते कुछ दिनों तक हाइवा संघ ने कार्रवाई के दौरान गाड़ियों पर की जाने वाली कार्रवाई को गलत ठहराते हुए हड़ताल भी किया था, जिसकी वजह से कई दिनों तक रेत सहित अन्य सामग्रियों का परिवहन पूरी तरह से बाधित रहा और रेत के दामों में भी बढ़ोतरी हुई थी।

### ट्रिपल-ड्रग एफडीसी लॉन्च करने वाली पहली कंपनी

**रायपुर 28 अक्टूबर।** प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने भारत में डैपाग्लिफ्लोज़िन और मेटफॉर्मिन के साथ व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले टेनेलिग्लिप्टिन के पहले ट्रिपल-ड्रग फिक्स्ड-डोज़ कॉम्बिनेशन को लॉन्च किया है। ज़ीटा0 डीएम ब्रैंड के नाम से लॉन्च किए गए इस एफडीसी में एक निश्चित खुराक में डीपीपी4 इन्हीबिटर, टेनेलिग्लिप्टिन (20द्वद्द), एसजीएलटी2 इन्हीबिटर, डैपाग्लिफ्लोज़िन (10द्वद्द) और मेटफॉर्मिन एसआर (500द्वद्द/1000द्वद्द) शामिल हैं। टाइप 2 डायबिटीज़ के मरीजों में ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार के लिए इसे प्रतिदिन एक बार लिए जाने की सलाह दी जाती है।

# मतदान मित्रों को प्रशिक्षण

**रायपुर 28 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदान मित्रों का प्रशिक्षण शहीद स्मारक भवन रायपुर में 27अक्टूबर को आयोजित किया गया ,जिसमें सीईओ जिला पंचायत श्री अविनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय ,नगर निगम निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल सर एवं श्री चुन्नीलाल वर्मा सर ने मतदान से संबंधित जानकारी दी तथा छात्रों को मतदान मित्र की भूमिका से अवगत कराया। इसके पश्चात मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ÷मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। आज के कार्यक्रम में लगभग 500 विद्यार्थियों व प्रभारी शिक्षकों की



उपस्थिति रही । कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल अधिकारी श्री आई पी वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरसीवा, जिला सचिव भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर, जिला संगठन आयुक्त , जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) एवं विकासखंड सचिव धरसीवा ने सहयोग प्रदान किया।

# रायपुर में 10 लाख लोगों को नहीं मिलेगा पानी, 30 को मेगा शटडाउन

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** दीवाली के दौरान पेयजल की किल्लत से लोगों को बचाने के लिए निगम ने तैयारी शुरू कर ली है। फिल्टर प्लांट स्थित 150 एमएलडी प्लांट के इंटकवेल में 1400 एमएम व्यास के रा वाटर एमएस में पाइप लाइन में आए लीकेज का मरम्मत किया जाएगा, जो कि दिनभर चलेगा।

सप्लाई की मेन लाइन में लीकेज की समस्या को सुधारने के लिए 30 अक्टूबर को मेगा शट डाउन लिया जा रहा है। इस दौरान शहर की 30 टंकियों से पानी की सप्लाई 30 अक्टूबर की शाम और 31 की सुबह नहीं की जाएगी। वहीं, 12 घंटे के इस मरम्मत कार्य के बाद शाम को पहले की भांति पानी की सप्लाई करने का दावा किया जा रहा है। इसकी वजह से शहर की तकरीबन 10 लाख आबादी प्रभावित होगी। वहीं, इस मेगा शट डाउन के रहते ही बिजली विभाग द्वारा 33 केवी लाइन में भी मरम्मत कार्य किया जाएगा। वहीं, राजेंद्र नगर की 32 लाख लीटर की टंकी में 500 एमएम व्यास का वाल्व बदलने और पुरानी सीआई एवं एसी पाइप लाइन को अमृत मिशन के तहत बिछाई गई नवीन डीआई पाइप लाअन से इंटरकनेक्शन करने का भी काम किया जा रहा है। जिसकी वजह से गुरुवार शाम से लेकर शुक्रवार की सुबह तक सप्लाई बाधित रहेगी और शाम से पानी की वापस से सप्लाई की जाएगी। इसकी वजह से चार से साढ़े चार हजार घरों में पेयजल की सप्लाई प्रभावित रहेगी। दीवाली के दौरान शहर में पेयजल की खपत बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पिछले कई दिनों से हुए फिल्टर प्लांट के लीकेज को सुधारने के लिए शट डाउन लेने का निर्णय लिया गया है। ताकि दीवाली सहित त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना शहर के लोगों को न करना पड़े।

# दिव्यांग बालिकाओं की पूजा, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर, 28 अक्टूबर।** दिव्यांग बालिका वसती गृह, महाराष्ट्र मंडल रायपुर, में नवरात्री उत्सव के उपलक्ष में कन्याओं को दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई . इस अवसर पर प्रदीप गोविंद शितूत, जयंत कुमार थोरात, एम पी आनंद, डॉ प्रीता लाल, अंजली शितूत , सुबोध टोले , महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले , आस्था काले , रमा नाहटगांवकर आदि उपस्थिति थे । इस अवसर पर दिव्यांग बालिकाओं को चादर , तेल , साबुन , पेस्ट , फल आदि भेंट किया गया।

जे आर दानी कन्या पूर्व माध्यमिक शाला रायपुर में वृहद मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें हियरिंग केयर सेंटर के टीम द्वारा 135 छात्राओं , श्री दानी



केयर मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ राज मनहरे एवं डॉ विनीता गोस्वामी एवं उनकी टीम के द्वारा 163 जनरल व गायनिक चेकअप तथा डॉ शिवाकांत दुबे द्वारा 147 छात्राओं शिक्षकों की आंखों की जांच की गई । इस अवसर पर श्री दानी केयर मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। पांच छात्राओं में बीमारी के गंभीर लक्षण पाए गए जिनको बी पी , हार्ट , चेस्ट पेन , बेडफाल की शिकायत मिलने पर उनकी निशुल्क गहन जांच व इलाज के लिए हॉस्पिटल में बुलाया गया । एक छात्रा को स्पीच प्राब्लम होने से सघन निशुल्क जांच हेतु हियरिंग केयर सेंटर में रेफर किया गया। एक छात्रा को रेटीना प्रॉब्लम के लिए आवश्यक इलाज की सलाह दी गई । उक्त जानकारी से विद्यालय की प्रधान अध्यापिका क्रांति चंद्राकर एवं प्राचार्य डॉ विजय कुमार खंडेलवाल को अवगत कराया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविद शितूत , एम पी आनंद , सुभाष साहू , डॉ राकेश पांडे , चंपालाल साहू आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ विजय कुमार खंडेलवाल ने इस अवसर पर छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए फास्ट फूड के सेवन से दूर रहने व मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की सलाह देते हुए खेल कूद में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर अपने शारीरिक विकास को विकसित करने हेतु सलाह दी ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23